जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

उदयपुर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 | वर्षः 30 | संख्याः 266 | प्रभात | उदयपुर, गुरुवार 27 जुलाई, 2023 | आर.जे. 7202 | पृष्ठ 6 | मूल्य 2.50 रु.

# मोदी सरकार के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पेश करने को स्वीकृति मिली

## विपक्ष इस स्वीकृति से काफी उत्साहित

- विपक्ष का मानना है कि, अब प्र.मंत्री मोदी को लोकसभा में मणिपुर की स्थिति पर बोलने के लिये ''मजबूर'' किया जा सकेगा।
- हालांकि, सरकार का मानना है कि, देश की आंतरिक स्थिति पर गृह मंत्री भी सदन को संबोधित करते हैं, यह संसदीय परम्परा है।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कांग्रेस के सांसद गौरव गोगोई द्वारा पेश अविश्वास प्रस्ताव को बहस के लिये स्वीकार किया। लगभग 50 सांसदों ने खड़े होकर गोगोई के प्रस्ताव का समर्थन किया।
- विपक्ष का मकसद विश्वास प्रस्ताव के मार्फत विपक्ष की एकता प्रदर्शन करना, व संसद में अविश्वास प्रस्ताव के जरिये मणिपुर की विषम स्थिति पर बहस करना भी है।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 जुलाई। लोकसभा के अंदर मंत्रिपरिषद में अविश्वास प्रस्ताव का स्वीकरण विपक्षी गठबंधन ''इंडिया'' के बढ़ते हुए आत्मविश्वास को दर्शाता है कि गठबंधन मणिपुर की गंभीर स्थिति पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संसद में बोलने के लिये बाध्य कर सकता है, जहां नृजातीय हिंसा एवं संघर्ष 3 मई से लगातार चल रहा है।

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई द्वारा पेश किया गया अविश्वास प्रस्ताव आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने मंत्रिपरिषद में स्वीकार कर लिया। इससे पूर्व, विपक्ष के 50 सांसदों ने अपनी सीट पर खड़े होकर प्रस्ताव के प्रति अपना समर्थन दर्शा दिया था।

इस संसदीय लड़ाई में, विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव के साधन का रणनैतिक उपयोग करने का निर्णय लिया था। इस मुहिम के अंतर्गत, गोगोई ने नियमानुसार बुधवार को प्रातः 10 बजे से पहले मणिपुर के मुद्दे पर सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश कर दिया था।

नवगठित विपक्षी गठबंधन ''इंडिया'' के हिस्से के रूप में कांग्रेस पार्टी ने तथा इसके अलावा तेलंगाना की ''भारत राष्ट्र समिति'' (बी.आर.एस.) ने मोदी सरकार के खिलाफ लोकसभा में दो अलग-अलग अविश्वास प्रस्ताव पेश किये।

यह कदम तब उठाया गया, जब सत्तारूढ़ दल ''इंडिया'' की इस मांग को स्वीकार करने के लिये राजी नहीं हुआ कि प्रधानमंत्री मणिपुर की मौजूदा स्थिति पर बयान दें। हालांकि मोदी इस मुद्दे पर संसद के बाहर तो बोले थे लेकिन वे संसद के दोनों सदनों के अंदर कोई बयान देने के लिये तैयार नहीं थे।

इस तथ्य की पूरी जानकारी के बावजूद कि सत्तारूढ़ दल के अच्छे खासे बहुमत के चलते प्रस्ताव पराजित होगा, विपक्ष ने मणिपुर के जनजातीय संघर्ष को लेकर चल रहे संसदीय गतिरोध के बीच यह कदम उठाया है। ज्ञातव्य है कि मणिपुर के संघर्ष 125 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, हजारों लोग विस्थापित हो गये हैं तथा रोजाना अकथनीय वीभत्सता की नई-नई कहानियाँ सुनने को मिल रही हैं।

यह संघर्ष और तीन महीने से चल रही इस हिंसा के बाद भी इसे रोक पाने में सरकार की असमर्थता 20 जुलाई से शुरू हुये मानसून सत्र में शुरू से ही संसद के दोनों सदनों में कोई काम नहीं हो पाने के मुख्य कारण रहे हैं।

विपक्षी दलों द्वारा लाये गये इस अविश्वास प्रस्ताव के संख्यात्मक परीक्षा में असफल होने की पूरी-पूरी संभावना के बावजूद, विपक्षी दलों का कहना है कि मणिपुर के मुद्दे पर बहस के दौरान सरकार को घेरने से उन्हें ''छवि की लड़ाई'' में विजय मिलेगी। विपक्ष का कहना है कि इस रणनीति के फलस्वरूप, प्रधानमंत्री इस अति ज्वलंत विषय पर संसद को संबोधित करने के लिये बाध्य होंगे, भले ही सरकार इस बात पर अड़ी हुई हो कि मणिपुर की स्थिति पर होने वाली बहस का जवाब केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह देंगे।

चूँकि लोकसभा में स्पष्ट बहुमत के लिये 272 सदस्य संख्या जरूरी है, इसलिये प्रधानमंत्री मोदी का नैशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एन.डी.ए.) अपने 331 सदस्यों के चलते पूरी तरह सुरक्षित हैं। विपक्षी गठबंधन इंडिया के 144 सांसद हैं, जबकि के.सी.आर. की भारत राष्ट्र समिति और जगन रेड्डी की वाय.एस.आर.सी.पी. तथा बीजू जनता दल की कुल सदस्य संख्या 70 है।

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# जोधपुर विश्वविद्यालय गैंगरेप केस में जांच पूरी

- 16 जुलाई को नाबालिग के साथ हुए सामूहिक बलात्कार मामले में पुलिस ने मात्र 10 दिन में जांच पूरी कर ली और अपराधियों के खिलाफ चालान पेश कर दिया।

जोधपुर, 26 जुलाई (कासं)। शहर के जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के पुराने परिसर में गत 16 जुलाई रविवार की अलसुबह एक नाबालिग के साथ हुए गैंगरेप के मामले में पुलिस ने जांच पूरी कर ली है, जिसका बुधवार सुबह पॉक्सो अदालत में चालान पेश किया गया।

पुलिस उपायुक्त, पूर्व, डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में जांच अधिकारी एडिशनल डिप्टी कमिश्नर पुलिस (ए.डी.सी.पी.) निशांत भारद्वाज के नेतृत्व में गठित स्पैशल इन्वैस्टिगेशन टीम (एस.आई.टी.) ने साक्ष्य जुटाकर आरोप पत्र तैयार कर लिया है। शहर में संभवतः दुष्कर्म से जुड़े किसी मामले में महज 10 दिन में जांच पूरी कर चालान पेश करने का यह पहला प्रकरण है। पुलिस आयुक्त रविदत्त गौड़ खुद भी पूरे मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

ज्ञातव्य है कि, 15-16 जुलाई की रात को तीन छात्र समंदर सिंह, धर्मपाल

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# चीन के विदेश मंत्री अचानक क्यों हटाये गये?

## पदच्युत विदेश मंत्री राष्ट्रपति शी की व्यक्तिगत ''चॉइस'' थे, अतः उन्हें क्यों अचानक हटाया गया?

- इतने वरिष्ठ मंत्री को हटाना क्या चीन के राजनीतिक व प्रशासनिक सिस्टम की अपरिपक्वता व त्रुटिपूर्ण होने का लक्षण है?
- यहां यह भी उल्लेखनीय है कि, एक तरफ तो चीन विश्व में यह स्थापित करने का प्रयास कर रहा है कि, उसकी राजनीतिक व प्रशासनिक व्यवस्था विश्व में सबसे बेहतर है तथा विश्व के अन्य देशों को उसका अनुसरण करना चाहिये। दूसरी ओर विदेश मंत्री जैसे वरिष्ठ अधिकारी व राजनीतिक हस्ती का चयन ''गलत'' साबित होना, चीन के लिये अटपटी स्थिति उत्पन्न करता है।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 जुलाई। चीन के नवनियुक्त विदेश मंत्री चिन गांग का एकाएक गायब हो जाना देश के सर्वोच्च नेता के लिये लज्जा का विषय बन गया है।

इसका एक बड़ा कारण यह है कि अन्य बहुत से नेताओं को दरकिनार कर, चिन गांग विदेश मंत्री बनाये गये थे। उन्होंने पूर्व विदेश मंत्री वांग यी की जगह नियुक्त किया गया था, जो एक दशक से विदेश मंत्रालय के मुख्यि रहे थे तथा एक सिद्धहस्त नेता थे।

इससे यह सिद्ध हो गया था कि चिन गांग, चीन के सर्वोच्च नेता शी जिनपिंग की निजी पसंद थे। अब चिन गांग को एकाएक हटा देने का मतलब होगा- उनके निर्णय तथा अति उच्च स्तर के पद पर चयन के मामले में बहुत बड़ी गलती होना। इसका सारा दोष शी जिनपिंग के सिर जायेगा।

लेकिन किसकी मजाल है, जो शी के निर्णय की गलती के बारे में बात करे, क्योंकि यह कदम शी जिनपिंग के प्रति अंधी निष्ठा की बुनियाद पर खड़े संपूर्ण तंत्र को हिलाकर रख देगा। इसलिये, चीनी सैन्सर चीन के सोशल मीडिया तथा अन्य प्लेटफॉर्म्स से चिन गांग के सभी संदर्भों को छाँट-छाँट कर हटा रहा है। इस पूरे परिदृश्य का एक निष्कर्ष तो यह है कि चिन का शी की कृपा से वंचित होने का कारण बहुत गंभीर- राजनैतिक मतभेद हो सकता है। अन्यथा, यह सब एकाएक और इतनी तेजी से नहीं हुआ होता। चिन तथा अमेरिका में चीनी राजदूत के रूप में उनकी गतिविधियाँ तथा हाल ही में, यू.एस. सेक्रेटरी ऑफ स्टेट एन्टनी ब्लिंकन के साथ उनकी मीटिंग सब कुछ पर्दे के पीछे है।

चिन चीनी राष्ट्रपति के अत्यधिक नज़दीक लोगों में से थे तथा कम्यूनिस्ट पार्टी के प्रमुख थे। जब तक कोई व्यक्ति, जो पूरे तंत्र में अति महत्वपूर्ण न हो तथा शी जिनपिंग के सचमुच नज़दीक न हो, उसकी नियुक्ति एकाएक विदेश मंत्री के पद पर नहीं हो सकती थी।

चिन ने ''वुल्फ डिप्लोमेट'' की भूमिका निभाई थी, जिसे अमेरिका तथा करीब-करीब सभी पश्चिमी देशों के प्रति अपने विरोध के रूप में कुछ समय तक चीन ने प्रोत्साहित किया था। अपनी नियुक्ति के शीघ्र बाद ही, चिन मॉस्को यात्रा पर गये थे तथा वहाँ रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन के साथ उनकी मीटिंग हुई थी।

लेकिन इसके कुछ समय बाद ही, वे रातों-रात सार्वजनिक परिदृश्य से गायब हो गये। इस तरह उनके एकाएक

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# डी.एम.के. के भ्रष्टाचार व स्कैम्स की फाइल राज्यपाल को पेश

- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अन्नामलाई ने ''डी.एम.के. फाइल्स पार्ट टू'' पेश करते हुए, एक विडियो भी जारी किया, जिसमें उनके अनुसार भ्रष्टाचार के सभी सबूत व दस्तावेज हैं
- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के अनुसार 5,600 करोड़ रूपये का भ्रष्टाचार किया है, डी.एम.के. सरकार ने।

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 जुलाई। राज्यव्यापी पदयात्रा पर निकलने से पहले भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने अपने वादे के अनुसार ''डी.एम.के. फाइल्स पार्ट-2'' (द्रमुक) जारी की, जो डी.एम.के. के मंत्रियों के घोटालों का संकलन है जो 5600 करोड़ रूपए का है।

भाजपा नेता ने अपनी संकलित जानकारी तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि को एक ज्ञापन के रूप में सौंपी और कहा कि वे सत्तारूढ़ द्रमुक के मंत्रियों, विधायकों एवं सांसदों के बेनामी संपर्कों पर कार्रवाई के आदेश जारी करें।

अन्नामलाई ने अपनी एक तस्वीर ट्वीट की जिसमें वे राज्यपाल को ज्ञापन सौंप रहे हैं और कहा कि भाजपा डी.एम.के. फाइल्स-2 पर कार्रवाई चाहती है जिसमें डी.एमम.के. के प्रथम परिवार और उसके निकटवर्ती लोगों के कारनामों की जानकारी है।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा संचालित मैडिकल कॉर्पोरेशन में 600 करोड़ रूपए, राज्य परिवहन विभाग में, 2000 करोड़ रूपए और डी.एम.के. से जुड़ी एक फर्म के मामले में 3000 करोड़ रूपए का घोटाला है और तीनों मिलाकर 5600 करोड़ रूपए हैं। भाजपा नेता ने 16 मिनट का एक वीडियो क्लिप जारी किया जिसमें घोटालों के आरोप वाले दस्तावेज हैं। भगवा पार्टी ने इन्हें डी.एम.के. पार्ट-1 के बाद डी.एम.के. फाइल्स पार्ट-2 कहा है। अन्नामलाई ने कहा, ''हम अपनी पदयात्रा के दौरान प्रेम और मीडिया में अपने मित्रों को विस्तार से बताएंगे। हम भ्रष्ट डी.एम.के. सरकार से जवाब मांगते हैं।

अन्नामलाई ने डी.एम.के. के फाइल्स का पहला भाग जारी किया था जिसमें आरोप था कि मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन को 2011 के चुनावी चंदे के

( शेष पृष्ठ 5 पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।?
ऑटोमेटिक
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिजम
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क- 94602 07080

# बोनमैरो ट्रांसप्लांट के 60 लाख रू. मय ब्याज अदा किए जाएं

- जयपुर मैट्रो की स्थाई लोक अदालत ने ई.एस.आई.सी. और राज्य सरकार को परिवादी के बेटे के इलाज पर खर्च राशि लौटाने के आदेश देने के साथ ही इन पर 1.21 लाख रू. का हर्जाना भी लगाया है।

जयपुर, 26 जुलाई। जयपुर मेट्रो की स्थाई लोक अदालत ने ई.एस.आई.सी. बीमाधारक को राहत देते हुए ई.एस.आई.सी. व राज्य सरकार को निर्देश दिए है कि वह परिवादी के बेटे के बोनमैरो ट्रांसप्लांटेशन सहित अन्य इलाज पर खर्च हुए 60 लाख रुपए 2 दिसंबर 2021 से सात प्रतिशत ब्याज सहित दे। वहीं अदालत ने इलाज में लापरवाही बरतने और परिवादी पक्ष को हुई परेशानी पर ई.एस.आई.सी. व राज्य सरकार पर 1.21 लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। अदालत के अध्यक्ष हरविन्दर सिंह ने यह आदेश दीपक पारीक के

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# 'आपका पक्ष, संसद में आपके ''एक्शन'' से मेल नहीं खाता'

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने गृह मंत्री अमित शाह द्वारा उनको लिखे गये पत्र पर काफी सख्त टिप्पणी की

- अमित शाह ने खड़गे को पत्र लिखकर ''बहुमूल्य सहयोग'' मांगा था।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 जुलाई। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से ''अमूल्य सहयोग'' के लिए प्राप्त हुए पत्र के बाद आज कांग्रेस अध्यक्ष ने जवाबी हमला बोलते हुए लिखा कि उनके शब्द संसद में सत्तारूढ़ पार्टी की गतिविधियों से मेल नहीं खाते।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कल खड़गे को एक पत्र लिखकर विपक्ष से ''अमूल्य सहयोग'' मांगा था और उन्हें पार्टी लाइन से ऊपर उठने को कहा था।

शाह के पत्र का जवाब देते हुए खड़गे ने संसद के वर्तमान सत्र में मणिपुर पर चर्चा की, विपक्ष की मांग दोहराई और कहा कि उनके शब्द उनके कारनामों से मेल नहीं खाते।

खड़गे ने अपने पत्र में कहा ''जो पत्र हमें आपसे मिला है वह तथ्यात्मक नहीं है। आपके शब्दों और कामो में बहुत ज्यादा अंतर है। सरकार असहनशील है और संसद पर अपनी मर्जी थोप रही है।''

उन्होंने कहा कि वे चाहते है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मणिपुर पर बयान दें, जिसके बाद संसद में चर्चा हो।

विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की, जब 4 मई की घटना का वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर आया, जिसमें दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाया गया है।

मणिपुर पुलिस ने वीडियो में नज़र आ रहे कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा है कि थोउबल जिले के नोंगपोक सेकमई थाने में अपहरण गैंगरेप और हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ है।

मणिपुर में 3 मई को जातीय हिंसा भड़काने के बाद से अब तक 150 से ज्यादा लोग जान गंवा चुके है।

इस बीच खड़गे ने राज्यसभा में कहा कि कार्रवाई के दौरान जब वे बोल रहे थे तब उनका माइक बंद कर दिया गया था इस तरह से उनके ''आत्मसम्मान को चुनौती'' दी गई है।

यह प्रस्ताव सदन में आपाधापी के बीच आया, जब विपक्ष के सदस्य नारे लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मणिपुर में तीन महीन से चल रहे जातीय दंगों पर वक्तव्य की मांग कर रहे थे इसके जवाब में भाजपानीत गठबंधन ने ''मोदी मोदी'' के नारे लगाकर सदन में अफरातफरी मचा दी। कार्रवाई दोपहर तक के लिए स्थगित कर दी गई।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''यह मेरे विशेषाधिकार का हनन है। यह मेरा अपमान है। मेरे आत्मसम्मान को चुनौती दी गई है। अगर सदन सरकार के निर्देशों पर चलता है तो मैं समझता हूं यह लोकतंत्र नहीं है।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता खड़गे ने भाषण के बीच व्यवधान पर नाराज़गी जताई जिससे विपक्षी सदस्यों में शोरगुल आरंभ हो गया। सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें अपने स्थान ग्रहण करने को कहा।

जब खड़गे को सूचित किया गया कि उनके पीछे कतार में कई सांसद खड़े हैं तो कांग्रेस नेता ने कहा ''मेरे पीछे नहीं खड़े होंगे तो क्या मोदी के पीछे खड़े होंगे। धनखड़ और कई सदस्य खड़गे की टिप्पणी पर मुस्कुरा दिए।

धनखड़ ने खड़गे तथा सदन के नेता पीयूष गोयल से स्थिति संभालने में मदद मांगी। इन प्रयासों के बावजूद गर्मागर्मी जारी रही।

सभापति ने स्पष्ट किया कि माइक

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# कन्हैया हत्याकांड के एक आरोपी ने जमानत मांगी

- एन.आई.ए. मामलों की विशेष अदालत में उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड के एक आरोपी ने जमानत अर्जी दायर की है। कोर्ट में जमानत अर्ज़ी और हत्याकांड के मामले में एक अगस्त को सुनवाई होगी।

जयपुर, 26 जुलाई। बुधवार को, नैशनल इन्वैस्टिगेशन एजेन्सी (एन.आई.ए.) मामलों की विशेष अदालत में उदयपुर के कन्हैयालाल टेलर हत्याकांड प्रकरण की सुनवाई एक अगस्त तक टल गई है। पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के चलते मामले में बहस नहीं हो सकी। वहीं, मामले के एक आरोपी मोहम्मद जावेद ने कोर्ट में जमानत अर्जी दायर की है। इस जमानत अर्जी पर भी एक अगस्त को सुनवाई होगी।

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सीकर में कई बड़ी योजनाओं की सौगात देंगे व किसान सम्मान निधि की राशि करेंगे जारी

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस साल राजस्थान में खासे सक्रिय दिख रहे हैं। बीते 9 महीनों में प्रधानमंत्री का यह आठवां दौरा होगा

- प्रधानमंत्री मोदी लाल डायरी, पेपर लीक, कानून व्यवस्था सहित कई प्रकरणों का जिक्र कर सकते हैं।
- मोदी की सीकर यात्रा के राजनैतिक मायने देखे जा रहे हैं, क्योंकि 2018 के चुनावों में शेखावाटी की 21 सीटों में से भाजपा को दो ही सीटें मिली थीं, इसलिए भाजपा मोदी की लोकप्रियता के आधार पर शेखावाटी में अपनी जमीन मजबूत करना चाहती है।
- सीकर में ही मोदी एक लाख पी.एम. किसान समृद्धि केन्द्र राष्ट्र को समर्पित करेंगे और किसानों को 17 हजार करोड़ रू. की 14वीं किश्त भी जारी करेंगे।
- मोदी प्रदेश में 5 नए मैडिकल कॉलेज और 6 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का भी उद्घाटन करेंगे।

जयपुर, 26 जुलाई । भाजपा के मिशन मरुधरा के तहत प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को फिर से प्रदेश के दौरे पर आएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस साल राजस्थान में खासा सक्रिय दिख रहे हैं। बीते 9 महीनों में प्रधानमंत्री का यह आठवां दौरा होगा।

वर्ष 2022 में 30 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी आबू रोड आए थे, लेकिन सभा को संबोधित नहीं कर पाए थे। इसके बाद 1 नवंबर 2022 को बांसवाड़ा जिले के मानगढ़ धाम आए थे। वर्ष 2023 में मोदी 28 जनवरी को भीलवाड़ा के आसींद में और 12 फरवरी को दौसा के दौरे पर रहे थे। इसके बाद 12 मई को प्रधानमंत्री नाथद्वारा और आबूरोड आए थे। प्रधानमंत्रई ने अपनी सरकार के 9 साल पूरे होने पर 31 मई को अजमेर और पुष्कर का दौरा किया था और कई योजनाएं लाँच की थीं। इसके बाद हाल ही में 8 जुलाई को मोदी ने बीकानेर का दौरा किया था।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। मोदी के सीकर दौरे के राजनीतिक मायने भी देखे जा रहे हैं। सन् 2018 के चुनाव में शेखावाटी के सीकर, झुंझुनू और चूरू की 21 सीटों में से भाजपा 2 सीटों पर ही जीत हासिल कर पाई थी, एक सीट बसपा और एक सीट निर्दलीय के खाते में गई थी और भाजपा को शेखावटी की जमीन पर कुछ खास कामयाबी नहीं मिली थी। लिहाजा माना जा रहा है कि, भाजपा का प्रयास है कि, इन 3 जिलों में पार्टी अपने आधार को मजबूत बनाए। कहा जा रहा है कि, शेखावटी में प्रधानमंत्री मोदी, प्रदेश में महिला सुरक्षा और लाल किताब जैसे मसलों को उठाएंगे तथा शेखावटी अंचल के विधायक राजेंद्र गुढ़ा की बर्खास्तगी से लेकर निलंबन तक के मसले को भुनाएंगे तथा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के गृह जिले में पेपर लीक और युवाओं के मसले पर मौजूदा अशोक गहलोत सरकार को आड़े हाथ लेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दौरान एक लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्र भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की तकरीबन 17 हजार करोड़ रुपए की 14वीं किश्त भी जारी करेंगे।

जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी सुबह करीब 11:15 बजे सीकर पहुंचेंगे। यहां राष्ट्रीय परियोजनाओं के

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# नैक्सा एवर ग्रीन ठगी केस की जांच सी.बी.आई. को?

- राजस्थान हाई कोर्ट ने राज्य सरकार और सी.बी.आई. को नोटिस जारी कर यह सवाल पूछा है। नैक्सा एवर ग्रीन ठगी केस के आरोपियों पर देश भर के हजारों लोगों से 11,000 करोड़ रू. ठगने का आरोप है।

जयपुर, 26 जुलाई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और सी.बी.आई. को नोटिस जारी कर पूछा है कि हजारों लोगों से कई हजार करोड़ रुपए के नैक्सा एवरग्रीन ठगी प्रकरण की जांच क्यों ना सी.बी.आई. से कराई जाए। जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की एकलपीठ ने सत्यवीर सिंह व अन्य की याचिका पर यह नोटिस जारी किए।

याचिका में अधिवक्ता मोहित खंडेलवाल ने अदालत को बताया कि प्रकरण में जयपुर और सीकर सहित

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## विचार बिन्दु

जब तक हम स्वयं निरपराध न हों तब तक दूसरों पर कोई आक्षेप सफलतापूर्वक नहीं कर सकते। –सरदार पटेल

# घर जमाई विधान और परिपाटी बने- महिला सम्मान व सशक्तिकरण की तरफ अब नई सोच और आखिरी कदम

शीर्षक पढ़ने पर और दूल्हे के घर-जमाई बनने से अनेक पाठक बौखला जाएंगे जैसे इस परिवर्तन से वे ही सर्वाधिक प्रवाभित होंगे। पाठकों का चौंकना स्वावाभिक है नई सामाजिक पद्धति से रूबरू होने से बहुतों को डर लगता है। कारण लेख एक ऐसे सामाजिक परिवर्तन की परिपाटी की तरफ ले जाने वाला है जिसके लिए कोई अभ्यस्त भी नहीं और न मानसिक रूप से तैयार। परन्तु समाज परिवर्तन यदि चाहता है जिससे महिला का घरों और समाज में सम्मान और सुरक्षा तो बढे ही अपने चिरपरिचित वातावरण में रहकर मन वांछित शिक्षा ग्रहण करे और सभी प्रकार के कार्य बिना किसी हिचकिचाहट के करने में समर्थ बने। यदि ऐसा होता है तो महिला की जिंदगी अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित और सफल बन सकेगी। प्रकृति और स्वभाव से महिला अपेक्षाकृत पुरुष से अधिक सृजनात्मक होती है।

पूरा मानव समाज आज अपने में इतना खोया हुआ है कि उसे अपने रूटीन और परिवारी कार्यों और व्यवसाय से हट कर अन्य कुछ सूझता ही नहीं। मष्तिष्क में कोई नए विचार उपजते ही नहीं, और जब ऐसा होता है तब कुंठित मानसिकता, अनभिज्ञता और स्वार्थपरता ही उस पर हावी रहती है। तो फिर सभी सामाजिक परिवर्तन और सुधार की जिम्मेदारी क्या सरकार की बनती है? महिला अपराधों में राजस्थान प्रदेश अग्रणी बना हुआ है प्रतिदिन महिलाओं पर घृणित और भीमत्स अपराध घटित होते हैं परंतु समाज कहीं पर भी उद्देलित नहीं होता। नित ऐसी हृदय विदारक घटनाएं पढ़कर मन व्यथित होता है यह प्रतीत हो रहा है कि मानव अब मानव नहीं राक्षस हो चूका है। हमारे न्यायालय भी अपराधी को दृश्य पटल से कभी ओझल नहीं होने देते, उनकी सोच, ज्ञान और विवेक पर मैं कुछ लिखना उचित नहीं समझता।

इसलिए उपरोक्त विषय पहले तो देश में महिला सशक्तिकरण की तरफ एक अलग नया और आखिरी कदम है और दूसरी तरफ महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध और क्रूरता से प्रेरित जघन्य से जघन्य कृत्यों की सोच को बदलने का है। मैं समझता हूँ कि यह विषय लोगों की जुवान पर छाया रहेगा, नतीजा कुछ भी हो।

इसी क्रम में विचार कर यह विषय समाज को देने का निर्णय लिया ताकि इस मुद्दे पर समाज, सरकार, विधि निर्माता और न्यायलय आदि सभी मंथन व् सम्बाद करे सकें। और एक ऐसी सामाजिक पद्धति विकसित कर लागू करें जिससे नारी के प्रति सम्मान, सौहार्द और बिना भेदभाव के समाज बने और वर्तमान के दृश्य को पूर्ण रूप से बदल कर सक्रीय संबल, स्नेही, परोपकारी और सौहार्द परक परिवार विकसित हों। अन्यथा आज की सांख्यकी बता रही है कि देश के संजीदा युवा और युवतियां विवाह बंधन से अधिकाधिक विमुख होते जा रहे हैं। ऐसी प्रवर्ति से देश में जनसँख्या का सापेक्षिक संतुलन बिगड़ जायगा जो वांछनीय नहीं कहा जा सकता।

मैं राजस्थान सरकार का उपकार मानता हूँ कि उसने जन-आधार कार्ड परिवार की मुखिया महिला के नाम बनाया और अन्य सदस्यों को उससे जोड़ दिया। विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए यह कार्ड बहुत उपयोगी है। भविष्य में यदि महिला की मौत हो जाती है उसके बाद पता नहीं कार्ड की वैध्यता जारी रहेगी या फिर बचे हुए सदस्यों को नया कार्ड बनवाना होगा? स्तिथि अभी स्पष्ट नहीं है।

**महिलाओं के प्रति अपराधों से नित अखबार भरे रहते हैं। ऐसा लगता है जिस औरत के पेट से पुरुष का जन्म हुआ है और जिसके स्तनों का दूध आरंभ खाद्य के रूप में पिया है जिससे उसके शरीर और मस्तिष्क विकसित हो सके हैं और इस प्रक्रिया में न्युरोहोर्मोनल दुलार जो उसे मिला है जिसकी कीमत आंकने में किसी की बिसात नहीं।**

महिलाओं के प्रति अपराधों से नित अखबार भरे रहते हैं। ऐसा लगता है जिस औरत के पेट से पुरुष का जन्म हुआ है और जिसके स्तनों का दूध आरंभ खाद्य के रूप में पिया है जिससे उसके शरीर और मस्तिष्क विकसित हो सके हैं और इस प्रक्रिया में न्युरोहोर्मोनल दुलार जो उसे मिला है जिसकी कीमत आंकने में किसी की बिसात नहीं। वही प्राणी वयस्क होकर माँ स्वरुप महिला के शरीर के किसी धारदार औज़ार से टुकड़े कर बोरी में भर कही निर्जन स्थान में फेंक देता है।

उसने कभी अपने शरीर में फड़कते प्राण को ध्यान नहीं लगाया कि इसको कौन फड़का रहा है? अन्य शरीर में भी वही था जिसे उसने अपने बल से निष्प्राण कर फेंक दिया। यहाँ पर संस्कार व्यवहार और उचित शिक्षा का अभाव ही प्रमुख कारण हैं। विगत कुछ शताब्दिओं से समाज में संस्कृति और शिक्षा का ऐसा घालमेल और पतन हुआ है कि उसको सुधारना हरक्यूलियन या भागीरथी प्रयास ही होगा। दुर्भाग्य से वर्तमान में कोई देव तुल्य भगीरथ सदृश्य बचा ही नहीं जिधर भी देखो दैत्य ही दैत्य भरे पड़े हैं, कुछ देव जैसे लगते तो हैं परन्तु वे भी उजले कपडे पहने भेड़िये अथवा असल में दैत्य ही हैं।

देखने में यह भी आया है कि यदि महिला और पुरुष बरावर पढ़े हुए हों और दोनों ही कमाई भी करते हों फिर भी पुरुष स्वभाववश अपनी धौंस, प्रधानता तथा प्रभुत्व महिला पर बनाये रखना चाहता है ऐसा इसलिए कि उसके माता-पिता ने उसे महिलावर्ग की इज़्ज़त और स्नेही स्वभाव आदि गुण कभी दिए ही नहीं। ऐसे में जरा-जरा सी बात पर टकराव की स्तिथि बनती रहती है। भरपूर और अपनी हैसियत से भी अधिक लड़की के माता-पिता द्वारा धन और स्वचालित उपकरण, फर्नीचर, वस्त्र स्वचालित वाहन आदि दिए जाने पर भी और कहीं अधिक दहेज़ के बहानें, पति और सास से उलाहने सुनने पड़ते हैं कि शादी में तुम लाई क्या थी? ऐसा लालच, स्वार्थपरता और पिता आदि पर उलाहने महिला को बहुत मानसिक कष्ट पहुंचाते हैं। यह पुरुष वर्चस्व की दुष्प्रवर्ति, घटिया मानसिकता सर्वत्र व्याप्त है जो घर जमाई दामाद होने पर कम या स्वत: समाप्त हो जायेगी। परिवर्तित परिपाटी चलन में आने पर और भी कई अच्छे बदलाव दृष्टिगोचर हो सकते हैं।


इस सामाजिक बदलाव को पुरुषवर्ग आसानी से स्वीकार नहीं करेगा, फिर भी प्रबुद्ध वर्ग, समाज शास्त्री और सरकार इस पर मंथन कर सावधानी से इसे लागू करे तो मुझे इसकी स्वीकारिता में कोई संशय नहीं लगता। वर्तमान में भी सहअस्तित्व के लिए महिला को ही प्रयास करने होते हैं और इसके लिए बहुधा उसे अपमान का घूँट भी पीना पड़ता है। आखिरकार सामाजिक बदलाव तो पूर्व में भी किये जाते रहे हैं आगे भी होते रहेंगे। परिवर्तित पद्धति में पुरुष को ससुराल में सदैव शालीनता का प्रयास ही करना होगा, अन्यथा व्यवहार उसे लोगों की नजरों में गिरा देगा। प्रॉपर्टी या विरासत के बटवारे के कई टकराव काफी सीमा तक या तो समाप्त हो जायेंगे या कमजोर पड़ जायेंगे। क्योंकि सभी प्रॉपर्टी माँ-बाप से पुत्री को ही हस्तांतरित होगी।

परिवार में पुत्र जन्म की कामना या लालसा में व्यापक कमी आएगी और मादा भ्रूण और बालिका हत्या जैसी सोच पर लगाम लगेगी। माता-पिता के साथ ही रहकर बालिका अधिक खुलेपन के कारण बिना किसी हिचक के कोई भी कार्य करने में और शिक्षा ग्रहण करने में अधिक समर्थ बनेगी। अभी लड़की के लिये प्रयुक्त पराये धन की अवधारणा विलुप्त होती नजर आएगी।

सुझाई गयी रीति पर रिवाज (मोडलीटीस) बनाने के लिए संयुक्त प्रयास कर एक सरल प्रणाली विकसित करनी होगी, ताकि सुगमता से शादी विवाह परंपरा ऐसी विकसित हो सके जिससे महिला को प्रमुखता से सामंजस्य बिठाने में सहूलियत रहे। इस प्रक्रिया में विभिन्न महिला आयोग व् अन्य महिला संस्थाएं, महिला विधि विशेषज्ञ, फॅमिली कोर्ट के न्यायाधीश और अन्य सामाजिक कार्य क्षेत्रों में कार्यरत अराजकीय समितियां की भी भागीदारी इसमें सुनिश्चित करनी होगी। जिसमें महिला विमुखीकरण की स्तिथि झलकती हो। आगे और अधिक और व्यापक विमर्श की आवश्यकता है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**प्रो.डॉ. वीर बहादुर सिंह,**
**( पूर्व कुलपति एवं डेयरीविज्ञ महाराणा प्रताप कृषि एवं खाद्य प्रौद्योगिकी वि.वि., उदयपुर-राज. )**

# जोधपुर की भौगीशैल परिक्रमा : चार धाम की यात्रा के बराबर मिलता है पुण्य



मिश्रीलाल पंवार

जोधपुर में हर 3 साल बाद पुरुषोत्तम मास में होने वाली सात दिवसीय 'भोगिशैल परिक्रमा' यात्रा का अपना अलग ही आध्यात्मिक महत्त्व है। कहते हैं कि इस परिक्रमा में भाग लेने वाले को चार धाम की यात्रा का पुण्य मिलता है। जाने अनजाने में मन, वचन तथा कर्म से हुए पापों से मुक्ति मिलती है। यह यात्रा मोक्ष तथा मनोवांछित फल देने वाली है। इसे मारवाड़ का महाकुंभ भी कहा जाता है। करीब सौ किलोमीटर से ज्यादा लंबी इस धार्मिक यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। कई बार यात्रियों की संख्या एक लाख से भी अधिक हो जाती है। इसका आयोजन हिन्दू सेवा मण्डल द्वारा किया जाता है। दरअसल जोधपुर के आसपास पहाड़ियों में प्राचीन मन्दिरों तथा संतों की तपोस्थली की भरमार है। जोधपुर में चारों दिशाओं में पहाड़ियों पर स्थित आध्यात्मिक महत्त्व के स्थलों की यात्रा होने से ही इसे 'भौगीशैल परिक्रमा' कहा जाता हैं।

इस यात्रा का प्रथम पड़ाव रातानाडा में होता है। यहां पहाड़ी पर स्थित भगवान गणेश के दर्शन के बाद दूसरे दिन तड़के चार बजे यह पैदल यात्रा आगे के लिए प्रस्थान करती है। उसके बाद चौपासनी, बड़ली, बैद्यनाथ, बेरीगंगा, मंडोर उद्यान में रात्रि पड़ाव रहता है। मार्ग में मण्डलनाथ महादेव सहित अनेकानेक आध्यात्मिक महत्त्व के पावन स्थल आते हैं। जहां दर्शन कर यात्रीगण कष्टों से मुक्ति पाते हैं।

इस भौगीशैल परिक्रमा में जोधपुर की सौ से अधिक स्वयंसेवी संस्था व धार्मिक सामाजिक संगठनों के साथ जिला प्रशासन के सभी विभागों का पूर्ण सहयोग रहता है। परिक्रमा के यात्री जिस भी मार्ग से गुजरते हैं, लोग उनके स्वागत में पलक पांवड़े बिछा देते हैं। जगह-जगह चाय, पानी, नास्ते, फल फ्रूट से मनुहार की होड़ मची रहती है। हिन्दू सेवा मण्डल के सैंकड़ों स्वयं सेवक यात्रियों की सेवा में दिन रात जुड़े रहते हैं। पड़ाव स्थलों पर सामाजिक संगठन तथा स्वयं सेवी संस्थाएं यात्रियों के लिए सस्ता भोजन उपलब्ध कराती है। कई संस्थाएं नि:शुल्क भोजन प्रसादी की भी सेवा देती है।

**-प्रथम पड़ाव गणेश मंदिर रातानाड़ा :** जोधपुर शहर से 5 किमी की दूरी पर स्थित रातानाडा की पहाड़ी पर प्राचीन गणेश मंदिर है। यह मंदिर भगवान गणेश को समर्पित है। पौराणिक कथा के अनुसार इसका अत्यन्त महात्म्य है। शहर में किसी भी घर में मांगलिक कार्य होने पर प्रथम निमंत्रण यहां विराजमान भगवान गणेश को दिया जाता है। गणेश चतुर्थी को यहां हर वर्ष भव्य मेला लगता है। हर बुधवार को भी यहां भक्तों की रेलमपेल रहती है। यहां भगवान गणेश की मूर्ती के दर्शन मात्र से जीव की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। यहां की प्रतिमा की ऊंचाई 8 फीट और चौड़ाई 5 फुट है। भौगीशैल परिक्रमा के यात्रियों का प्रथम पड़ाव यहीं रहता है। यहां दर्शन के बाद ही आगे की यात्रा शुरू होती है। गणेश मंदिर के बाद भौगीशैल परिक्रमा के यात्री विभिन्न मार्गों से होकर मसूरिया स्थित बाबा रामदेव के गुरु बालीनाथजी के समाधि स्थल पहुंचते हैं।

**-मसूरिया बाबा रामदेव मन्दिर :** जोधपुर रेलवे स्टेशन से करीब सात किलोमीटर दूर बाबा रामदेव के गुरु बालीनाथजी का विश्व विख्यात मंदिर है। यह मन्दिर मसूरिया पहाड़ी पर स्थित है। यहां पर श्री पीपा क्षत्रिय समस्त न्याति, मन्दिर ट्रस्ट द्वारा यात्रियों का भव्य स्वागत किया जाता है। साथ ही चाय-पानी की व्यवस्था भी की जाती है। भादो मास में लगने वाले बाबा रामदेव मेले के दौरान लाखों की संख्या में जातरू यहां दर्शन करने देश के विभिन्न क्षेत्रों से आते हैं। परिक्रमा के दूसरे दिन यात्री यहां शीश नवाने पहुंचते हैं। यहां से प्रस्थान कर भौगीशैल परिक्रमा के यात्री चौपासनी पहुंच कर रात्रि विश्राम के लिए पड़ाव डालते हैं।

**-चौपासनी में है श्रीनाथजी का विशाल मंदिर :** चौपासनी में श्रीनाथजी का विशाल मंदिर है। इसको श्यामबाबा का मंदिर भी कहा जाता है। श्याम मनोहर का मंदिर महाराजा सरदारसिंहजी के समय संवत् 1957 (1900 ई.) में बनवाया गया था। जब औरंगजेब ने मंदिरों को तोड़ने की आज्ञा जारी की तब गोवर्धन पर्वत पर स्थित श्रीनाथजी की मूर्ति को लेकर पुजारी दामोदर और उनके चाचा गोविन्दजी 1669 ई. में जोधपुर आए और चौपासनी में छह माह विश्राम किया। इसके बाद मेवाड़ महाराणा राजसिंह के आग्रह पर पुजारी श्रीनाथ की मूर्ति सीहाड़ लेकर पहुंचे और वहां मंदिर बनवाया तथा मूर्ति स्थापना की। यह स्थान आज नाथद्वारा के नाम से विश्व विख्यात है। यदि उस समय जोधपुर महाराजा जसवंत सिंह का असामायिक निधन नहीं होता तो श्रीनाथजी चौपासनी में विराजित होते। श्रीनाथजी के मूल विग्रह के चौपासनी से चले जाने के बाद दूसरी मूर्ति स्थापित की गई जिनकी वल्लभ सम्प्रदाय की परम्परानुसार आज भी सेवा पूजा होती है। परिक्रमा के यात्री यहां श्रीनाथजी के दर्शन कर रात भर भजन कीर्तन करते हैं। अगली सुबह बड़ली के लिए प्रस्थान करते हैं। यहां उनका रात्रि पड़ाव रहता है।

**-बड़ली भैरू का प्राचीन मन्दिर :** जोधपुर से करीब पंद्रह किलोमीटर दूर जैसलमेर रोड़ पर बड़ली नामक गांव है। यहां पर तालाब किनारे भैरू बाबा का अति प्राचीन मंदिर है। यहां वर्ष भर भक्तों की चहल पहल बनी रहती है। वर्ष में एक बार यहां बड़ा मेला लगता है। भौगीशैल परिक्रमा के यात्रियों के पड़ाव के कारण इस दिन यहां भारी मेला लगता है। यात्रीगण यहां भैरूनाथ के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। साथ ही यहां स्थित तालाब में स्नान कर कष्टों से मुक्ति पाते हैं। रात भर सत्संग कर यात्रीगण अगली सुबह प्राचीन वैधनाथ थाम के लिए निकल पड़ते हैं।

**-प्राचीन वैधनाथ धाम का आध्यात्मिक महत्त्व :** बड़ली रात्रि विश्राम के बाद परिक्रमा के यात्री दुर्गम पहाड़ियों से होते हुए वैधनाथ पहुंचते हैं। यहां रात्रि विश्राम के साथ ही भजन कीर्तन करते वैधनाथ का गुणगान करते हैं। इस स्थान का भी आध्यात्मिक महत्त्व है। जोधपुर शहर से करीब 20 किलोमीटर दूर स्थित पहाड़ियों में स्थित वैद्यनाथ महादेव मंदिर जोधपुर की स्थापना से 340 साल पूर्व का है। तत्कालीन मारवाड़ की राजधानी मंडोर में सरदार नाहरसिंह पड़िहार का शासन था। कहा जाता है कि सरदार नाहरसिंह परम शिव भक्त थे। एक बार उनके पुत्र की तबीयत बहुत खराब हो गई। राज चिकित्सक भी परेशान थे।

चिंतित मुद्रा में बैठे सरदार नाहरसिंह के पास उस समय एक सैनिक घुड़सवार सूचना लाया कि पहाड़ी पर पेड़ के नीचे कोई बुजुर्ग वैद्य विराजे हैं। सरदार नाहरसिंह वैद्यजी को बुलाने में समय व्यर्थ गंवाने के बजाए अपने पुत्र को रथ में बैठाकर वैद्य के पास निकल पड़े और उपचार शुरू करवाया। कुछ ही देर में सरदार के पुत्र को स्वास्थ्य लाभ मिलने लगा। उन्होंने वैद्यराज को प्रणाम कर अपने साथ मंडोर चलने को कहा। लेकिन वे अंतर्ध्यान हो गए। सरदार की समझ में आ गया कि साक्षात महादेव वैद्यराज बनकर प्रकट हुए थे। इसके बाद नाहरसिंह ने उसी जगह विक्रम संवत 1176 में भाद्र मास की पूर्णिमा के दिन मंदिर प्रतिष्ठित किया था।

**-बैरी गंगा से बह रही प्राकृतिक जलधारा :** वैद्यनाथ से तड़के प्रस्थान कर परिक्रमा के यात्री मंडोर स्थित बेरी गंगा पहुंचते हैं। यहां से बह रही प्राकृतिक जलधारा में स्नान कर यात्रीगण खुद को धन्य समझते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसका अस्तित्व पांच हजार वर्ष पुराना माना जाता है। कहा जाता है कि यहां शिवलिंग और भैरु की मूर्ति सहित गंगा का अवतरण हुआ था। बाद में यह स्थान लोप हो जाने से सैंकड़ो सालों तक गुप्त रहा।

पहाड़ियों से निकल रही प्राकृतिक जलधारा से बहुत सी मान्यताएं जुड़ी हैं। बेरी गंगा के प्रमुख मंदिर में स्थापित भैरु की मूर्ति से ही गंगा का प्रवाह निकलने की मान्यता है। कहा जाता है कि यहां कभी पानी नहीं सूखता।

**-मन्डोर में रहता है अंतिम पड़ाव :** बेरी गंगा में रात्रि विश्राम के बाद भौगीशैल परिक्रमा के यात्री मण्डोर पहुंचते हैं। यहां नागादडी झील में स्नान कर देवदर्शन के लिए देवताओं की साल पहुंचते हैं। बाद में मंडोर के सुन्दर उद्यान का आनंद लेते अजीत पोल, वीरों का दालान, मंदिर, बावड़ी, जनाना महल, एक थम्बा महल, नहर, झील व जोधपुर के विभिन्न महाराजाओं के स्मारकों का अवलोकन कर रात्रि विश्राम के लिए पड़ाव डालते हैं।

परिक्रमा के अंतिम पड़ाव मंडोर के बाद परिक्रमा यात्री सातवें दिन सुबह संतोषी माता मंदिर, कागा तीर्थ शीतला माता मंदिर, शेखावतजी का तालाब हनुमान मंदिर, उम्मेद भवन होते हुए रातानाडा गणेश मंदिर में दर्शन करते हैं। उसके बाद शोभायात्रा के रूप में शहर के भीतरी भागों में स्थित कुंजबिहारी, गंगश्यामजी व घनश्यामजी मंदिर के दर्शन कर यात्रा का समापन होता है। तीन साल पहले पुरुषोत्तम मास कोरोना काल के बीच आया था। इसीलिए तब परिक्रमा को भव्य रूप से आयोजित नहीं किया गया, सिर्फ औपचारिकता ही निभाई गई थी। लेकिन अब 6 साल बाद फिर उसी रूप में इस परिक्रमा को आयोजित करने की तैयारी चल रही है। हिन्दू सेवा मण्डल के सचिव विष्णु चन्द्र प्रजापति ने बताया कि इस बार भौगीशैल परिक्रमा का 27 जुलाई को शुभारंभ तथा 3 अगस्त को समापन होगा।


**–मिश्रीलाल पंवार, जोधपुर**

# रस्सी के सहारे विद्यार्थी जान जोखिम में डालकर नाला पार कर रहे हैं

- **तीन किलोमीटर के लिए 15 किलोमीटर का चक्कर लगाकर विद्यालय जाना पड़ता है**

**भीलवाड़ा, (निसं)।** कोटड़ी उपखंड क्षेत्र के घेवरिया गांव में बारिश के समय के दौरान गांव के 35 बच्चे स्कूल जाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर रस्सी के सहारे रपट को पार करते हैं। इन बच्चों को रपट के पार आने जाने को रस्सी के सहारे के सिवाय और कोई चारा नहीं है, जब अधिक बारिश के दौरान रपट अपना रौद्र रूप दिखाता है तो या तो विद्यार्थी विद्यालय नहीं जा पाता या फिर तीन किलोमीटर के लिए 15 किलोमीटर का चक्कर लगाकर विद्यालय जाना पड़ता है।

कांटी ग्राम पंचायत मुख्यालय स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जो घेवरिया गांव से तीन किमी दूर है, विद्यार्थियों को बारिश के दिनों में रस्सी के सहारे जान जोखिम में डालकर रपट को पार करना पड़ता है। स्कूली बच्चे अपना भविष्य संवारने के लिए इस रपट को पार करके स्कूल जाते हैं। ग्राम पंचायत कांटी के अंतर्गत आने वाले इस गांव घेवरिया में लगभग 1200-1300 लोगों की आबादी है, ग्राम पंचायत तक पक्की सड़क का निर्माण है, लेकिन इस मार्ग का एक मात्र रपट जिसमें ना तो पानी निकलने के लिए पाइप डाल रखे और ना ही पक्का निर्माण किया हुआ है, जिस पर बारिश के मौसम में विद्यार्थियों व ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे बारिश के दौरान रपट पार करते समय कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस संबंध में विद्यालय के द्वारा शिक्षा विभाग, जनप्रतिनिधियों सहित प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र भेजकर इस समस्या से अवगत कराया। लेकिन अब तक को समाधान नहीं हुआ है। जिस कारण हर बार बारिश के दौरान विद्यार्थियों को जान जोखिम में डालकर रस्सी के सहारे रपट को पार करके विद्यालय जाना पड़ता है।



**बच्चों और बुजुर्गों को ग्रामीण जन रस्सी के सहारे पीठ पर सवार करके नाला पार कराते हैं।**

जानकारी के अनुसार खाल पर पुलिया निर्माण नहीं होने के चलते प्रति वर्ष विद्यालय में घेवरिया गांव के बच्चों का नामांकन कम होता जा रहा है। ग्रामीण बच्चों और बुजुर्गों को रस्सी के सहारे पीठ पर सवार करके नाला पार कराते हैं। जब अधिक बारिश होती है तो कई दिनों तक बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं। आवश्यक सामान की खरीदी के लिए ग्रामीणों को गांव से बाहर जाने के लिए भी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया गांव में जब भी कोई व्यक्ति बीमार हो जाता है तो उस मरीज को खटिया पर लिटा कर ले जाना पड़ता है। गर्भवती महिला को पहले ही गांव से बाहर भेज दिया जाता ताकि बारिश में परेशानी न हो।

रतन लाल बलाई, सरपंच, काँटी का कहना है कि पुलिया नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को आने जाने का समस्या का सामना करना पड़ता है पिछले वर्ष भी मैंने अपना निजी साधन लगाकर घेवरिया से हाजीवास व मोडिया खेडा होते हुए विद्यार्थियों को काटी विद्यालय में पहुंचाया। पुलिया निर्माण के लिए डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट फंड से 4 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत है लेकिन टेंडर नहीं होने के कारण अब तक पुलिया का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है।

# बस्ती खाली करने के आदेश से लोगों में रोष

- **पाल ग्राम पंचायत में घड़वा नाड़ा में पिछले 70 साल से रह रहे हैं लोग**
- **जमीन खाली करने का अल्टीमेटम मिलने के बाद विरोध जताने जेडीए कार्यालय का घेराव करने पहुंचे**
- **लोगों ने चेतावनी दी कि यदि उनके मकानों को तोड़ा गया तो वे जेडीए के बाहर ही बैठ जाएंगे**

**जोधपुर, (कासं)।** पाल ग्राम पंचायत के घड़वा नाडी में रहने वाले दलित परिवार के लोगों को जमीन खाली करने का अल्टीमेटम मिलने के बाद विरोध जताने जेडीए कार्यालय का घेराव करने पहुंच गए। जोधपुर शहर के नजदीक पाल ग्राम पंचायत में घड़वा नाड़ा में पिछले 70 साल से रह रहे लोगों को जोधपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की ओर से खाली करने और अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया गया है। इस चेतावनी के बाद गुस्साए लोग जेडीए कार्यालय का घेराव करने बुधवार को जोधपुर पहुंचे। यहां नारेबाजी करते हुए विरोध जताया और चेतावनी दी कि यदि उनके मकानों को तोड़ा गया तो वे जेडीए के बाहर ही अनिश्चितकाल के लिए बैठ जाएंगे। चेतना युवा मंडल के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में लोग जेडीए कार्यालय पहुंचे।

वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घड़वा नाडा में करीब 300 घरों की यह बस्ती 70 साल से भी ज्यादा पुरानी है। इस बस्ती में सरकारी योजनाओं से ही मकान बने हुए हैं। स्वच्छ भारत मिशन में शौचालय भी सरकार की राशि से ही बनाए गए। बिजली कनेक्शन भी इन लोगों को मिले हुए हैं और दस्तावेज के रूप में कई रसीदें भी इनके पास मौजूद हैं। लेकिन पिछले कुछ दिनों में जेडीए के कुछ अधिकारी और पटवारियों ने वहां आकर मुनादी करवाई की इस जमीन को खाली कर दिया जाए। जेडीए के अधिकारियों ने इस जमीन को अतिक्रमण बताया है। जल्द ही यहां पर बुलडोजर चलाने की बात भी कही। इस चेतावनी से घबराए लोगों ने जोधपुर कुछ किया और बुधवार को जेडीए कार्यालय का घेराव कर लिया। यहां विरोध जताने आए लोगों ने बताया कि 300 घरों की इस बस्ती में अधिकांश घर दलित समाज के हैं। इसी जमीन पर सरकारी स्कूल भी बना हुआ है। लेकिन इसके बावजूद इस बस्ती को खाली करने का फरमान दिया गया है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### गुरूवार 27 जुलाई, 2023

प्र. सावन मास (अधिक), शुक्ल पक्ष, नवमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, विशाखा नक्षत्र रात्रि 1:58 तक, शुभ योग दिन 1:58 तक, कौलव करण दिन 3:48 तक, चन्द्रमा वृश्चिक राशि में सांय 7:28 से संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-तुला, मंगल-सिंह, बुध-सिंह, गुरू-मेष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज रवियोग सम्पूर्ण दिन-रात है। सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 1:28 से आरम्भ होगा। महापात योग प्रात: 8:11 से दिन 1:20 तक है। आज श्री हरि जयन्ती है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:32 तक, चर 10:53 से 12:33 तक, लाभ-अमृत 12:33 से 3:54 तक, शुभ 5:34 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:52, सूर्यास्त 7:14

**मेष**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी और व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता हो सकती है।

**कर्क**
परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यक्तिगत कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार में महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

**वृश्चिक**
धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा।

**धनु**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आय में वृद्धि होगी। धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**कुंभ**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। शुभ-मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

## सार-समाचार

### उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**कपासन,** (निसं)। गौ माता को राष्ट्र पशु ( राष्ट्रमाता ) बनाने हेतु राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी कपासन को ज्ञापन , श्री सांवलिया धाम आश्रम मुंगाणा से श्री सांवलिया सेठ धाम मंडफिया तक की पदयात्रा की जानकारी प्रदान करते हुए आयोजित पदयात्रा के सदस्य पवन जाट मुंगाणा ने बताया कि महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 चेतन दास जी महाराज श्री के आशीर्वाद एवं मेवाड़ गौ ठाम सेवा के अध्यक्ष श्री अनुज दास जी के सानिध्य में गौ माता को संरक्षित पशु घोषित करने एवम क्षेत्र में अच्छी वर्षा की मंगलकामना को लेकर आज श्री सांवलिया धाम आश्रम मुंगाणा से श्री सांवलिया धाम मंडफिया जी तक पदयात्रा का आगाज किया गया। साथ ही मेवाड़ गो ठाम सेवा संघ , विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कपासन के संयुक्त तत्वाधान में महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम उपखंड अधिकारी कपासन को ज्ञापन प्रदान कर बताया कि गौ माता निराश्रित व असहाय जीवन जीने को राजकीय नीतियों से मजबूर हो गई है जिसका लाभ उठाकर गौ तस्कर गौमाता की तस्करी कर गोकशी को बढ़ा रहे हैं। गौशाला में अनुदान व सहायता राशि नहीं दी जाने के कारण गौ माताओं को आश्रय नहीं मिल रहा है जिससे वह सड़कों पर दुर्घटना का शिकार हो रही है।

### शतरंज प्रतियोगिता शुरू

**उदयपुर,** (कासं)। जवाहर नवोदय विद्यालय मावली में संभाग स्तरीय योगा एवं शतरंज प्रतियोगिता (छात्रा) का शुभारंभ बुधवार को मावली थानाधिकारी आईपीएस प्रशांत किरण के मुख्य आतिथ्य में हुआ। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों को ईमानदारी व खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि योग विशेषज्ञ सतीश कुमार व राजेन्द्र साहू रहे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. महबूब अली एवं कार्यालय अधीक्षक डी.पी. जोशी ने अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन किया। अतिथियों ने ध्वजारोहण किया व प्रतियोगिता में बाहर से तीनों संकुलों के 59 छात्राओं ने अपने संकुल के ध्वज के साथ मार्च पास्ट किया। प्राचार्य के द्वारा विद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि नवोदय विद्यालय समिति पूरे भारत वर्ष में आठ संभागों में विभाजित है।

# 'जनहित और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में गंभीरता बरतें'

■ बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ने की दी हिदायत

**उदयपुर,** (कासं)। जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल ने कहा कि उपखंड एवं ब्लॉक स्तर पर उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार सरकार और प्रशासन का चेहरा होते हैं। इसलिए उनकी जिम्मेदारी भी अधिक है। अधिकारी जनहित और कानून व्यवस्था से जुडे.मामलों में पूर्ण गंभीरता और संवेदनशीलता बरतें। इसमें किसी भी तरह की कौताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिला कलेक्टर पोसवाल बुधवार को कलेक्ट्रेट कांफ्रेन्स हॉल में जिले के सभी उपखंड अधिकारियों व तहसीलदारों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपनी टीम के साथ अच्छा समन्वय रखें। ग्राउण्ड लेवल तक नेटवर्क बना कर रखें, ताकि हर छोटी-मोटी घटना की सूचना समय पर मिले। कलक्टर ने कहा कि किसी भी तरह की घटना होने पर उपखंड अधिकारी, तहसीलदार स्तर के अधिकारी स्वयं त्वरित रूप से मौके पर पहुंचे। त्वरित रेस्पोंस से आधी समस्याओं का निस्तारण हो जाता है, वहीं लोगों में असंतोष भी नहीं पनपता। उन्होंने कहा कि कई बार एक मामूली घटना भी त्वरित रेस्पोंस के अभाव में बड़ी घटना का कारण बन जाती है और मूल घटनाक्रम तो दरकिनार हो जाता है और रेस्पोंस में देरी मुख्य इशू बन जाता है। इसलिए यह जरूरी है कि अधिकारी हर गतिविधि के प्रति अलर्ट रहें तथा जिला स्तर पर भी त्वरित सूचना देवें। उन्होंने आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर सभी अधिकारियों को रूट मार्च करने व्यवस्थाओं को चाकचौबंद रखने की हिदायत दी। साथ ही आगामी अन्य त्यौहारों पर भी कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए आवश्यक बंदोबस्त पूर्व में ही सुनिश्चित करने को कहा।

जिला कलक्टर ने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं सहित अन्य प्राथमिकता वाले कार्यों की लगातार मोनिटरिंग करने तथा समय पर अपेक्षित प्लेटफार्म पर रिपोर्टिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मॉनिटरिंग और रिपोर्टिंग दोनों में लापरवाही न बरती जावें। उन्होंने आगामी राजीव गांधी ग्रामीण व शहरी ओलम्पिक की तैयारियों की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं अगले माह से शुरू होने वाली इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना तथा अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना को लेकर भी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलोनी खेमका ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रिटर्निंग अधिकारियों और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को अपेक्षित सूचनाएं समय पर भेजने के निर्देश दिए। साथ ही मतदाता जागरूकता गतिविधियों को लेकर भी निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। बैठक में जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को आमजन से आत्मीयता से मिलने तथा उनकी समस्याओं को सुनकर यथासंभव राहत दिलाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कई बार कुछ समस्याओं का मौके पर निस्तारण नहीं हो पाता, लेकिन परिवादी को संतोषप्रद जवाब जरूर मिलना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को बिना सूचना अथवा अनुमति के किसी भी हालत में मुख्यालय नहीं छोड़ने की भी हिदायत दी।बैठक में सभी उपखण्ड अधिकारियों ने संबंधित उपखण्ड क्षेत्रों की भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक गतिविधियों, सांस्कृतिक विशेषताओं, प्रगतिरत विकास परियोजनाओं, कानून व्यवस्था से जुड़े मसलों, लंबित समस्याओं आदि की पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ओपी बुनकर, एसडीएम गिर्वा प्रतिभा वर्मा, एसडीएम लसाडिया कपिल कोठारी, एसडीएम खेरवाड़ा राकेश न्योल, एसडीएम झाडोल मणिलाल तिरगर, एसडीएम ऋषभदेव श्रवणसिंह राठौड़, एसडीएम भीण्डर मोनिका जाखड़, एसडीएम बड़गांव रमेशचंद्र बहेड़िया, सराड़ा एसडीएम मनीषाकुमारी मीना सहित सभी तहसीलदार उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### युवक ने फंदा लगा की आत्महत्या

**डूंगरपुर,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के टाडी ओबरी गांव में एक युवक ने घर के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। युवक और उसकी पत्नी के बीच झगडा होने से पत्नी उसे छोडकर पीहर चली गई थी। इससे वह तनाव में चल रहा था। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।सदर थाना पुलिस के अनुसार टाडी ओबरी गांव के रहने वाले अश्विन पुत्र सवजी मनात का उसकी पत्नी के साथ झगडा हुआ था। इसके बाद अश्विन की पत्नी उसे छोडकर अपने पीहर चली गई थी। पीहर पक्ष और ससुराल पक्ष के बीच कई बार बात भी हुई, लेकिन अश्विन की पत्नी वापस अपने पति के घर ससुराल नहीं आ रही थी। इसके चलते अश्विन तनाव में आ गया। मानसिक तनाव के चलते अश्विन ने अपने ही घर में मंगलवार रात को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार के लोग आए तो हडकंप मच गया। वहीं, गांव के लोग भी इकट्ठे हो गए। अश्विन को फंदे से नीचे उतारा और डूंगरपुर अस्पताल लेकर आए। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद अश्विन को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और शव को मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### मशीनों से लेस एंबुलेंस रवाना

**जयपुर,** (कासं)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय से 23 लाख की लागत वाली हाई रेजोल्यूशन डिजिटल एक्सरे, 8.50 लाख की लागत वाली बायो केमिस्ट ब्लड टेस्ट और सीबीसी ब्लड टेस्ट मशीनों से लेस एंबुलेंस को भाजपा का झंडा दिखाकर अपने लोकसभा क्षेत्र चित्तौड़गढ़ के लोगों की निशुल्क जांच के लिए रवाना किया। भाजपा अध्यक्षीय कार्यालय प्रभारी श्रवण सिंह राव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और चित्तौड़गढ़ सेवा संस्थान के सहयोग से इस एंबुलेंस को बनवाया गया है। लोकसभा क्षेत्र में पहले से ही ऐसी दो एंबुलेंस कार्यरत है, जो अब तक 52000 से अधिक लोगों की निशुल्क जांचें कर चुकी है। यह लोकसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांव में जाती है, वहां के लोगों को सूचित किया जाता है, सुबह जांच करने के बाद उसी दिन रिपोर्ट सौंप दी जाती है। इस अवसर पर चित्तौड़गढ़ सेवा संस्थान के अध्यक्ष गोविंद ईनाणी,सचिव भरत माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष विनोद चपलोत और वरिष्ठ सलाहकार शांतिलाल बराडिया भी उपस्थित रहे।

### पिकअप ने दंपती को मारी टक्कर

**डूंगरपुर,** (निसं)।शहर के सिंटेक्स चौराहा पर बुधवार दोपहर बाइक जा रहे दंपती को पीछे आई एक तेज रफ्तार पिकअप ने दंपती को टक्कर मार दी। हादसे में बाईक के पीछे बैठी महिला नीचे गिर गई ओर पिकअप के चपटे आने से गंभीर घायल हो गई। जिला अस्पताल में इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार उदयपुरा निवासी सीता पटेल अपने पति के साथ कमलेश पटेल साथ घर बाईक लेकर सिंटेक्स चौराहा स्थित दुकान पर जा रहे थे। रास्ते में सिंटेक्स चौराह पर पीछे से आई तेज रफ्तार पिकअप ने दंपती को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल महिला को स्थानीय लोगों ऑटो की मदद जिला अस्पताल में पहुंचाया।

### एएसआई पुष्पराजसिंह का निधन

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिला पुलिस अन्तर्गत महिला थाने में तैनात एएसआई पुष्पराजसिह पुत्र खुमाणसिंह निवासी पारडा सकानी का इलाज के दौरान गत रात्रि को निधन हो गया। वे 53 वर्ष के थे। पुष्पराजसिंह वर्ष 1989 में कांस्टेबल के पद से भर्ती होने के पश्चात हेड कांनि. तथा इसके पश्चात एएसआई के पद पर पदोन्नत होकर वर्तमान में महिला थाने में तैनात था। पिछले कुछ समय से बीमार चल रहा था। जिसका गत रात्रि को निधन हो गया। उनके शव को बुधवार प्रातः डूंगरपुर सामान्य चिकित्सालय लाया गया जहां पोस्ट मार्टम करवाया गया। इसके पश्चात शव को पुलिस लाईन में लाकर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवारिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निरंजन चारण, पुलिस उपाधीक्षक राकेश शर्मा ने पुष्पचक्र भेंट किये। इसके पश्चात पुलिस के सेवानिवृत कार्मिक महेन्द्रसिह, खुमाणसिंह, लालूराम, रणजीत जैन, पुलिस लाईन के अरविन्द त्रिवेदी सहित पुलिस कर्मियो ने पुष्पांजलि अर्पित की।

## 15 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति का अनुमोदन

**उदयपुर** (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि प्रबंध मंडल की 61वीं बैठक बुधवार को प्रातः 11 बजे कुलपति सचिवालय में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉ अजीत कुमार कर्नाटक ने की। बैठक में प्रबंध मंडल सदस्य डॉ एस आर मालू, डॉ आर सी तिवारी, श्री विष्णु पारीक, श्रीमती सज्जन देवी कटारा, सीटीऐई के अधिष्ठाता डॉ पी के सिंह तथा प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ आर ए कौशिक सदस्य के रूप मे उपस्थित थे। बैठक में डॉ आर सी अठावाल, सहायक महानिदेशक (कृषि शिक्षा), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने नई दिल्ली से ऑन लाइन भाग लिया। बैठक के प्रारंभ में सदस्यों ने सरस्वतीजी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए एवं एमपीयूएटी कुलगीत का गायन हुआ। बैठक में कृषि विज्ञान, अभियांत्रिकी, सामुदायिक विज्ञान, मत्स्यकी विज्ञान एवं डेयरी प्रौद्योगिकी में विगत सप्ताह में आयोजित साक्षात्कारों द्वारा15 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति देने की अनुशंषा की गई। वहीं पांच सदस्यों का कार्यकाल इसी माह पूर्ण होने जा रहा है उन्हें भावभीनी विदाई दी।

कुलपति डॉ. कर्नाटक ने प्रबंध मंडल के वरिष्ठ सदस्य डॉ एस आर मालू, डॉ रमेशचंद्र तिवारी, जगदीश भंडारी एवं विष्णु पारीक को दो वर्ष के कार्यकाल की समाप्ति पर शॉल एवं उपरणा ओढ़ाकर अभिनंदन किया। कुलपति ने आईसीआर के उप महानिदेशक डॉ आर सी अठावाल का एमपीयूएटी प्रबंध मंडल में नियुक्ति पर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में लंबे समय से रिक्त शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक श्रेणी में विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है इसके अंतर्गत कृषि पर्यवेक्षक, तकनीकी सहायक के पदों पर नियुक्ति प्रदान की गई है। साथ ही अन्य अनेक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया अपने चरम पर है, प्रक्रिया पूर्ण होने पर उन्हे भी शीघ्र ही नियुक्ति पत्र जारी किये जायेंगे।

## व्यापारी पर किया हमला

**डूंगरपुर,** (निसं)।नया बस स्टैंड के पास मंगलवार रात शराब के लिए रुपए नहीं देने पर 2 बदमाशों ने स्कूटी लेकर घर जा रहे, एक व्यापारी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में सिर पर चोट लगने से व्यापारी घायल हो गया। घायल व्यापारी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है।

मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों बदमाशों को पकडकर पुलिस के हवाले कर दिया है।कोतवाली थाना क्षेत्र के बिलडी निवासी भावेश पुत्र प्रेमचंद कलाल ने बताया कि शहीद पार्क के पास उसकी दुकान है। मंगलवार रात 9 बजे दुकान बंद कर घर जा रहा था। इस दौरान बस स्टैंड के पास स्कूटी पर सवार होकर 2 बदमाश आए और शराब के लिए रुपए की मांग करने लगे। रुपए नहीं देने पर स्कूटी के आगे गाडी खडी कर दी। इसके बाद बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। भावेश के शोर मचाने पर यहां से गुजर रहे अक्षित कलाल और तिलक गोस्वामी ने बीच बचाव कर व्यापारी की जान बचाई। उसी समय आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

## मणिपुर हिंसा के विरोध मौन जूलूस निकाला, ज्ञापन सौपा

■ मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने की मांग

**उदयपुर,** (कासं)। मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई घटना को पूरे देश को शर्मसार करने वाली घटना बताते हुए कांग्रेस पार्टी केंद्र की मोदी सरकार को हर मोर्चे पर घेरने में लगी हुई है प्रदेश नेतृत्व के इशारे पर सभी जिलों में कांग्रेस पार्टी ने मौन जुलूस निकाल राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सोंप मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने की मांग की।

बुधवार को उदयपुर कांग्रेस कमेटी ने देहली गेट स्थित शान्ति आनंदी स्थल से एक मौन जुलूस निकाला। जुलूस में सेकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष और युवा तख्तिया लिए चल रहे थे जिन पर मणिपुर मामले पर संसद में चर्चा किये जाने की मांग के नारे लिखे हुए थे। वही युवा छात्राओं ने बेटियों से अत्याचार, मौन व्रत पर मोदी सरकार और अहंकार का अंत करेगा इण्डिया जैसे नारों की तख्तिया हाथ में लिए थी। जिला कलेक्ट्री पहुंचे कांठोस कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ महिलाओं का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान, मोदी सरकार होश में आओ जैसे नारे लगाते हुए अपना विरोध जताया। उदयपुर संभाग प्रभारी और प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रतन देवासी ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा भाजपा के दस साल के शासन में जितने भी अपराध और बड़े बड़े काण्ड हुए उनको लेकर मोदी सरकार कभी भी गंभीर नहीं हुई उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी ने आजादी के बाद और आजादी से पहले भी देश में इस तरह के हालात नहीं बनाने दिए आज मणिपुर में जो हालात बने है उसके लिए मणिपुर की भाजपा सरकार के साथ केंद्र की मोदी सरकार भी पूरी तरह ज़िम्मेदार है। पीसीसी सदस्य रघुवीर मीणा ने भी केंद्र की भाजपा सरकार को घेरते हुए मणिपुर मामले पर बोलते हुए कहा हमारे देश में जहां नारियों की पूजा होती है उस देश में नारी के साथ इतनी निर्लज्जता होना पुरे देश के लिए शर्म की बात है। इस तरह की घटनाओं को बढ़ावा देने में भाजपा सरकार की नीतियों ने बड़ी भूमिका निभायी है उन्होंने कहा आज कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता सडको पर उतरा है और केंद्र की मोदी सरकार की विफलत को जनता तक पहुचाने का कम करेगा। इस दौरान उदयपुर जिला अध्यक्ष फतह सिंह राठौड भी भाजपा पर आक्रामक दिखाई दिए उन्होंने मणिपुर सरकार को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त करने की मांग करते हुए केंद्र सरकार को इसके लिए ज़िम्मेदार बताते हुए कहा की आज महिलाओं के साथ जिस तरह के बलात्कार और रेप की घटनाये हो रही है उससे देश वासियों की रूह काप रही है।







# लालसोट थाने का हेड कांस्टेबल एवं दलाल रिश्वत लेते गिरफ्तार

## दर्ज प्रकरण में सही एवं जल्दी कार्यवाही करने की एवज में रिश्वत मांगी



**एसीबी टीम द्वारा रंगे हाथों पकड़े गए हेड कांस्टेबल प्रेमराज ( बीच में ) एवं दलाल ( दाएं साइड ) एवं परिवादी ( बाई साइड ) में बैठे हुए।**

**लालसोट,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय स्थित जवाहरगंज सर्किल पर बुधवार को लालसोट थाने के हेड कांस्टेबल प्रेमराज सिंह सहित एक दलाल को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम द्वारा रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर दौसा इकाई द्वारा बुधवार को कार्यवाही करते हुये प्रेमराज सिंह हैड कांस्टेबल पुलिस थाना लालसोट एवं एक रेडिमेड गारमेंट्स की दुकान पर कार्य करने वाले दलाल भरत लाल सैनी प्राईवेट व्यक्ति को परिवादी से चार हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के कार्यवाहक महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की दौसा इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके विरूद्ध दर्ज प्रकरण में सही एवं जल्दी कार्यवाही करने की एवज में

- **एसीबी के महानिरीक्षक पुलिस सवाई सिंह गोदारा के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ जारी**

अनुसंधान अधिकारी लालसोट थाने के प्रेमराज सिंह हैड कांस्टेबल द्वारा पांच हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी भरतपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के निर्देशन में एसीबी की दौसा इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा शिकायत का सत्यापन किए जाने के बाद बुधवार को पुलिस निरीक्षक नवल किशोर द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुये हेड कांस्टेबल प्रेमराज सिंह पुत्र अतर सिंह जाट निवासी हिंगोटा पुलिस थाना द्वारा परिवादी से चार हजार रूपये की रिश्वत राशि प्राप्त कर अपने परिचित भरत लाल सैनी पुत्र हजारी लाल सैनी निवासी उण्ड की ढ़ाणी डिडवाना तहसील लालसोट को दी। जिस पर दोनों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

गौरतलब है कि आरोपी हैड कांस्टेबल द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान भी परिवादी से एक हजार रुपये रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये थे। एसीबी के महानिरीक्षक पुलिस सवाई सिंह गोदारा के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।


## रिश्वत लेते श्रीनगर थाने का हैड कांस्टेबल गिरफ्तार

**अजमेर,** (कास)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अजमेर इकाई की टीम ने बुधवार को कार्यवाही करते हुए अजमेर के श्रीनगर पुलिस थाने के हैड कांस्टेबल जयपाल सिंह

- **पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते हत्थे चढ़ा**

पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते हत्थे चढ़ गया, एसीबी की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। हैड कॉन्स्टेबल ने शिकायतकर्ता को उसके खिलाफ दर्ज हुए केस में बंद करने की धमकी देकर 10 हजार की रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा था। आरोपी ने पूर्व में ही शिकायतकर्ता से 7 हजार ले लिए थे, उसके आवास और अन्य ठिकानों पर एसीबी की टीमों में छापे मारकर तलाशी ली।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की अजमेर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके विरूद्ध दर्ज परिवाद 151 में बंद करने की धमकी देकर हैड कांस्टेबल जयपाल सिंह ने 10 हजार रुपए रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है। इस पर एसीबी अजमेर के उपमहानिरीक्षक पुलिस रणधीर सिंह के सुपरवीजन में एसीबी



**रिश्वतखोर हैड कांस्टेबल।**

अजमेर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया गया। इसके बाद पुलिस निरीक्षक नरेश चौहान ने बुधवार को टीम के साथ ट्रैप की कार्यवाही अंजाम देते हुए हैड कांस्टेबल जयपाल सिंह को रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

आरोपी हैड कानिस्टेबल ने शिकायत से पहले ही परिवादी से 5 हजार रुपए रिश्वत के रूप में और शिकायत के सत्यापन के दौरान भी परिवादी से 2 हजार रुपए रिश्वत के रूप में प्राप्त कर लिए गए थे। एसीबी के महानिरीक्षक पुलिस सवाई सिंह गोदारा के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

# बजरी माफिया के खिलाफ आंदोलनरत हनुमान बेनीवाल के खिलाफ उतरे हरीश चौधरी

**जयपुर** (कासं)। कांग्रेस विधायक और पंजाब कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ने बजरी माफिया के खिलाफ आंदोलन कर रहे आरएलपी प्रमुख और सांसद हनुमान बेनीवाल पर हमला बोलते हुए कहा कि आंदोलन और बवाल करने वाले लोग जनता को मुद्दों से भटका रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ मुद्दों पर सहमति और असहमति हो सकती है, पर हमेशा तर्क के आधार पर ही बहस करनी चाहिए।

चौधरी उन्होंने बजरी के विषय में बोलते हुए कहा कि राजस्थान में बजरी महंगी मिल रही है। इस विषय को कलिष्ट न करते हुए हमें समाधान की बात करनी चाहिए। 2013 के पहले आम उपभोक्ता बजरी आसानी से ले जा सकता था। रॉयल्टी के ठेके की जगह 2013 में उच्चतम न्यायालय ने कहा कि बजरी में लीज़ की व्यवस्था लागू होगी, और इस लीज की अवधि पांच साल होगी। खुली बोली हुई और बाड़मेर जिले में 2012-13 में 58 करोड़ 52 लाख की लीज का अधिकार ठेकेदारों को मिला। अब आम उपभोक्ता लीज़धारक से ही बजरी खरीद सकता है। बजरी के दाम के साथ डीएमएफडी,

- **हरीश चौधरी बोले, ''आंदोलन और बवाल करने वाले लोग जनता को मुद्दों से भटका रहे हैं''**
- **उन्होंने आरोप लगाया कि बेनीवाल की मंशा ठेकेदारों की मदद करना, जनता पर अतिरिक्त भार पड़ेगा**

आरएसएमटी, जीएसटी, सीटीओ, सीटीई, सिएसआर और आय कर भी जनता से ही वसूला गया।

चौधरी ने आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल पर तीखे तेवर में आरोप लगाते हुए सवाल किया कि ये आंदोलन और विवाद किसके हित के लिए कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि अभी जुलाई और अगस्त के महीने में खनन नहीं हो सकता, तो बजरी बेच कौन रहा है ? सिर्फ लीज़धारक को ही इसका अधिकार है। इस व्यवस्था ने लीज़धारकों को एक मोनोपॉली दे दी है, जिसका वो फायदा उठा रहे हैं। बेनीवाल की मंशा सिर्फ इन ठेकेदारों की मदद करना है। इससे मार राजस्थान के आम उपभोक्ताओं को पड़ेगी। खनन के ऊपर लागू पेनल्टी में भी जनता का ही नुकसान है।

चौधरी ने हनुमान बेनीवाल से सवाल करते हुए पूछा कि जब वो गठबंधन की सरकार में सांसद थे तब मौन क्यों खड़े थे ? जनता की आवाज़ संसद तक क्यों नहीं पहुंचाई? 13 प्रकार के टैक्स के खिलाफ एक भी शब्द क्यों नहीं बोला ? चौधरी ने कहा कि राजस्थान की जनता को सस्ती बजरी कानून और नियम में परिवर्तन से ही मिलेगी। उन्होंने केंद्र सरकार से एक नई पॉलिसी बनाने की मांग की और यह भी कहा कि राजस्थान सरकार राज्य में छोटे लीज़धारक को बढ़ावा देगी और उनको संरक्षण का भी प्रावधान बनाएगी। उन्होंने देश और राजस्थान के संपूर्ण किसानों को नॉन-कमर्शियल ट्रैक्टर के अधिकार की भी मांग की, और कहा कि इससे किसान आर्थिक रूप से सफल होंगे।

# लाल डायरी में छिपे 500 करोड़ का धर्मेंद्र राठौड़ सामने आकर जवाब दे : देवनानी

**अजमेर,** (कासं)। पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री और अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने मणिपुर मामले को लेकर बुधवार को कांग्रेस की और से निकाले गए पैदल मार्च पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि कांग्रेस दोहरा चरित्र रखकर जनता को गुमराह और अपनी नाकामियों को छुपाने का काम कर रही हैं।

देवनानी ने कहा कि मणिपुर मामले को लेकर तो कांग्रेस पूरे प्रदेश में पैदल मार्च निकाल रही लेकिन प्रदेश में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और दुराचार की घटनाओं पर चुप्पी साध रखी हैं। देवनानी ने कहा कि कांग्रेस किस मुंह से मणिपुर सरकार को बर्खास्त करने की मांग कर रही है जबकि उसके खुद के राज में प्रदेश में महिलाओं के साथ रोजाना गंभीर अपराध सामने आ रहे हैं। मणिपुर से भी कई गुना ज्यादा गंभीर प्रकृति के महिला अपराध प्रदेश में हो रहे है जिसको लेकर कांग्रेस सरकार ने अपने मुंह में दही जमा रखा है। देवनानी ने कहा कि कांग्रेस सरकार में प्रदेश की महिलाएं बिलकुल भी सुरक्षित नहीं है और महिला अपराध में देश में पहले पायदान पर प्रदेश है लेकिन बावजूद इसके कांग्रेस को अपनी सरकार की विफलता नजर नहीं आती। मणिपुर में राज्य और केंद्र सरकार हालातों को सामान्य करने के भरपूर प्रयास कर रही है।

बुधवार को भाजपा के ''नही सहेगा राजस्थान '' अभियान के अंतर्गत पत्रकार वार्ता में देवनानी ने लाल डायरी के मुद्दे पर आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ पर भी बड़ा हमला बोला और

- **मणिपुर मामले पर पैदल मार्च और प्रदेश के हालात पर चुप्पी, कांग्रेस का दोहरा चरित्र**

कहा कि एक सामान्य कर्मचारी नेता की पृष्ठभूमि से निकलकर इतने कम समय में राठौड़ ने इतनी संपत्ति कैसे बनाई इसका राज भी उस लाल डायरी में छुपा हुआ है जिसको लेकर कुछ दिन पहले तक उनके अपने रहे राजेंद्र गुढ़ा को विधानसभा में कांग्रेस के विधायको ने घेरकर मारपीट की। देवनानी ने कहा कि गुढ़ा ने राठौड़ का नाम लेकर कहा कि ईडी और आयकर विभाग की छापेमारी के दौरान उनकी बिल्डिंग से गुढ़ा सीएम के कहने पर वो लाल डायरी गायब कर ले आए थे। ऐसे में धर्मेंद्र राठौड़ को सबके सामने आकर इस लाल डायरी का सच बताना चाहिए जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। देवनानी ने कहा कि इसी लाल डायरी में 500 करोड़ रुपए का घोटाला है जिसका सहारा लेकर सीएम के खास धर्मेंद्र राठौड़ ने सरकार के संकट के समय बाड़ेबंदी के दौरान विधायकों की खरीद फरोख्त, राज्यसभा चुनाव के दौरान विधायकों को आर्थिक प्रलोभन और विरोधियों की जुबान बंद रखने के लिए ब्लैक मनी का इस्तेमाल किया था जिसका लेखा जोखा उस लाल डायरी में छुपा हुआ है।

देवनानी ने कहा कि इन्ही सब मुद्दों को लेकर भाजपा 1 अगस्त को प्रदेश कांग्रेस सरकार को 9 मुद्दों पर जयपुर में सचिवालय का महाघराव करेगी। जिसमे भ्रष्टाचार,कानून व्यवस्था, बेरोजगार युवाओं के साथ पेपर लीक के जरिए ठगी, किसानों से किए झूठे वादे, महिला सुरक्षा, किसानों से कर्ज माफी का वादा ,दलित आदिवासियों का अपमान, तुष्टीकरण आदि मुख्य मुद्दे होंगे। प्रेस वार्ता के दौरान देवनानी ने प्रतीकात्मक लाल डायरी को लहराया और कहा कि अजमेर जिले में भी भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। अजमेर स्मार्ट सिटी और एलिवेटेड रोड में हुए भ्रष्टाचार का पर्दा भी खुल सकता है। देवनानी ने बताया कि भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर उन्होंने केंद्रीय शायरी आवासन मंत्री हरदीप सिंह पुरी को इन कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार की गत वर्ष शिकायत की थी और इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया था। देवनानी ने बिजली तंत्र की बदहाली का जिक्र किया।

इस मौके पर शहर अध्यक्ष रमेश सोनी ने एक अगस्त को नहीं सहेगा राजस्थान के तहत जयपुर सचिवालय के महा घेराव के लेकर कहा कि अजमेर शहर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जयपुर कूच करेंगे और इसकी तैयारियों को लेकर मंडल स्तर पर बैठकें की जा रही है। हर वार्ड और शक्ति केंद्र से एक बस भरकर जयपुर रवाना होगी और सरकार की विदाई में भागीदारी निभायेगी। प्रेस वार्ता में देवनानी के साथ शहर जिला अध्यक्ष रमेश सोनी, महापौर ब्रजलता हाडा, पूर्व महापौर धमेन्द्र गहलोत, मिडिया प्रभारी अनीश मोयल, राजेश घाटे, रचित कच्छावा, गजेन्द्र शर्मा आदि मौजूद थे।

# राजेन्द्र गुढ़ा ने सी.एम. समेत कई कांग्रेस मंत्रियों पर दुष्कर्म के आरोप लगाए थे, जवाब नहीं आना, मतलब दाल में काला : सी.पी. जोशी

## 'धुंआ वहीं से उठता है जहां आग होती है, पूर्व मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा का बयान गलत तो नार्को टेस्ट से क्या परेशानी'

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष चम्पालाल गैदर के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों से बात करते हुए सी.पी.जोशी ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। जोशी ने कहा राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा आरोप लगा रहे है कि इस सरकार मे मुख्यमंत्री से लेकर सारे मंत्री दुष्कर्म में शामिल है, और मांग कर रहे है कि सभी का नार्को टेस्ट हो। पूर्व मंत्री के आरोप पर सरकार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आना, उनकी बात

- **मुख्यमंत्री और मंत्रियों के बयानों के कारण ही अपराधियों के हौंसले बुलंद, राजस्थान हो रहा है शर्मसार : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष**
- **'राजस्थान में महिलाओं के प्रति सरकार संवेदनहीन, अपराधियों में भय समाप्त, जनता असुरक्षित'**

को सही साबित करता है। मुख्यमंत्री को सभी का नार्को टेस्ट करवाना चाहिए, अगर नहीं करवाते है तो आरोप सही हैं, क्योंकि धुंआ वही से उठता है, जहां आग होती है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी ने कहा महिला अपराध पर गहलोत सरकार का दौहरा रवैया है। विधानसभा में महिला अपराध और बलात्कार की घटनाओं पर अपनी ही सरकार को घेरने वाले एक मंत्री को रातों रात मंत्री पद से हटा दिया जाता है। दूसरी तरफ बलात्कार की घटनाओं पर राजस्थान को मर्दों का प्रदेश कहने वाले मंत्री पर कोई एक्शन नहीं लेते।

सी.पी.जोशी ने कहा गहलोत सरकार ने पिछले साढें चार सालों में प्रदेश को कलंकित करने का ही काम किया है। हर जगह महिलाओं बच्चियों के साथ दुष्कर्म कर उन्हे मारने, जलाने और कुएं में फेंकने जैसी हृदय विदारक घटनाएं हो रही है। महिलाएं और बच्चियां घर, बाहर, ऑफिस, अस्पताल, एंबुलेंस, आईसीयू, स्कूल कहीं पर भी सुरक्षित नहीं है। लेकिन मुख्यमंत्री जी दुष्कर्म की 65 प्रतिशत घटनाओं को फर्जी बताते है। रणथम्भौर में मूक बधिर बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसे सड़क पर फेंक दिया गया, सरकार ने उसे घटना करार दिया, क्योंकि उस समय प्रियंका गांधी वहां पर अपना जन्मदिन मना रही थी, अलवर में बाइक पर जा रहे पति पत्नी को रोककर पति के सामने पत्नी का सामूहिक बलात्कर होता है, लेकिन सरकार ने लोकसभा चुनाव के कारण मामला दबाए रखा।

मुख्यमंत्री और इनके मंत्रियों द्वारा दिए गए बयानों से लगता है जैसे महिलाओं के प्रति सरकार की संवेदनहीन है और अपराधियों में भय समाप्त हो गया। प्रदेश की जनता असुरक्षित और डरी हुई है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने विपक्ष द्वारा केन्द्र सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर कहा कि मोदी जी ने नौ सालो में जनता का विश्वास जीता है, विपक्ष को तकलीफ है क्योंकी गरीब मां का बेटा प्रधानमंत्री बना, कश्मीर से धारा 370 हटाई गई इससे तकलीफ है, प्रधानमंत्री की अगुवाई में श्रीराम मंदिर की नींव रखी गई इससे तकलीफ है, गरीब कल्याण के लिए 60 सालों में जो काम कांग्रेस नहीं कर पाई वह मोदी जी ने नौ सालो में कर दिखाया इससे तकलीफ है। सीपी जोशी ने कहा जनता सब जान चुकी है, कि सारे दल एक साथ क्यों इकट्ठे हुए है, भारत तेरे टुकडे होंगे कहने वालो के साथ कौन खड़ा हुआ है, ये वही लोग है जिन्होंने महाराणा प्रताप को भगोडा और अकबर को महान बताया था।

# 10 लाख के पाइप चोरी कर ले गए बदमाश

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के रातानाडा पोलो ग्राउण्ड के समीप एक फर्म द्वारा पाइप लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। बारिश के चलते तीन दिन तक काम नहीं हो पाया। इस बीच अज्ञात चोर वहां मौके पर रखे दस लाख कीमत के पाइप चुरा ले गए। घटना के संबंध में एयरपोर्ट थाने में मामला दर्ज करवाया गया।

एयरपोर्ट थाना पुलिस ने बताया कि रामपुरा भाटियान मथानिया निवासी नैनाराम पुत्र दुर्गाराम देवासी और श्रवण पुत्र रामस्वरूप दोनों एक निजी फर्म के लिए कार्य करते है। फर्म पाइप लाइन बिछाने का कार्य करती है। फर्म का कार्य इन दिनों पोलो ग्राउण्ड रातानाडा पुलिस लाइन के सामने चल रहा है। 13 जुलाई को फर्म की तरफ से वहां पर 250 एमएम और 275 एमएम के पाइपों का रखवाया गया था। पाइप की क्वालिटी आदि को सहायक अभियंता द्वारा भी देखा गया था।

# घग्घर नदी का बंधा टूटने से 500 बीघा में धान की फसल डूबी

## गांव 56 जीबी के निकट नरमे की फसल को नुकसान हुआ

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। गांव अमरपुरा जाटान व भैरूपुरा सिलवानी के बीच घग्घर नदी के बंधा टूटने से 500 बीघा में धान की फसल डूब गई। भैरूपुरा सिलवानी के पूर्व सरपंच मुखराम खिलेरी ने बताया सोमवार रात्रि साढ़े 12 बजे भैरोसिंह राठौड़ के खेत में गांव अमरपुरा जाटान व भैरूपुरा सिलवानी के बीच घग्घर नदी के तटबंध में गांव की दूसरी साइड किसानों खेतों में बंधा टूटने से 50 फुट का लंबा कटाव आ गया। देखते देखते ही 500 बीघा धान की फसल पानी में डूब गई। करीब 400 किसानों ने मौके पर पहुंचकर मंगलवार सुबह 6:30 बजे तक करीब 5 हजार मिट्टी के बैग लगवाकर कटाव को बांध दिया।

अनूपगढ़ सड़क की तरफ दो जगह पानी का रिसाव हो जाने के कारण 10 बीघा भूमि जलमग्न हो गई। पूर्व विधायक गंगाजल मील ने किसानों के साथ बंधों का निरीक्षण किया और प्रशासन से हर संभव मदद का भी भरोसा दिलाया। ग्रामीणों ने बताया कि बंधों के टूटने पर प्रशासन द्वारा खाली सीमेंट के बैग के अलावा कोई सहायता उपलब्ध नहीं करवाई। वीडीओ अखिलेश पाठक व पुलिसकर्मियों के अलावा अधिकारी व कर्मचारी किसानों की मदद के लिए आगे नहीं आए। हालांकि बड़े अधिकारी घग्घर नदी का निरीक्षण करते नजर आए। सूरतगढ़ घग्घर नदी में ढाई दशक बाद आए पानी ने नाली बैड के आसपास बसे लोगों व किसानों की नींद उड़ा रखी है। वहीं, ओटू हैड व नाली बैड में पानी की मात्रा घटने से किसानों के साथ प्रशासन ने एकबारगी राहत की सांस ली है। तो दूसरी ओर बहाव क्षेत्र में किसानों के खेतों में बने बंधों के टूटने का सिलसिला लगातार जारी है।

जल संसाधन खंड के एईएन पारस गर्ग ने बताया कि सोमवार को ओटू हैड से 34150 व नाली बैड में 6650 क्यूसेक पानी प्रवाह हो रहा था, कि मंगलवार को ओटू से 32175 व नाली बैड में 6251 क्यूसेक पानी प्रवाह हो रहा है। हालांकि प्रशासन, पुलिस प्रशासन, विभागीय अधिकारी, किसान व नगरपालिका अधिकारी घग्घर नदी में पानी की आवक को देखते हुए लगातार संवेदनशील पुलों व बंधों पर जाकर उनको मजबूर करवाने व 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं। संवेदनशील बंधों पर क्यूआरटी, पुलिस, पालिका, राजस्व व पंचायत समिति के कर्मचारी चौकसी कर रहे हैं। रंगमहल में 2 दिन पूर्व गांव के निकट बने बंधे के टूटने की संभावना को देखते हुए प्रशासन की अपील पर गांव के लोग पलायन कर

- **नाली बैड में 28 साल बाद 6251 क्यूसेक पानी की आवक से चिंता बढ़ी**

गए थे, कि मंगलवार को वापस घरों को लौटने लगे हैं। एडीएम अरविंद जाखड़ ने बताया कि रंगमहल के लोगों ने 3 दिन की कड़ी मेहनत के बाद सरपंच विजयसिंह ताखर के नेतृत्व में व प्रशासन के सहयोग से बंधे को पूरी तरह से मजबूत कर लिया है।

श्रीगुरुद्वारा सिंहसभा के सेवादार हरपाल सिंह, कालासिंह, राजविंद्र सिंह व जसमीत रंगमहल के निकट धोरों पर बैठे लोगों को 2 दिन से लंगर खिला रहे हैं, तो यूथ फाउंडेशन के विजय अरोड़ा, रवि रामगढिया व भूपेंद्र ने चाय-नाश्ता और मारवाड़ी युवा मंच के नितेश सोमानी, महेंद्र बैद, राधेश्याम शर्मा, आशीष मूंदड़ा व मुकेश स्वामी पानी के कैंपर, तिरपाल व तंबू लगाने के लिए प्रशासन की अपील पर बांस उपलब्ध करवाए हैं। 22 जीबीं गांव के पास से गुजर रही घग्घर नदी का पानी दो दिनों से उफान पर है। जहां बांध कमजोर है वहां पर खतरा मंडरा रहा है। मंगलवार सुबह 8 बजे 22 जीबी के पास उतर दिशा में खेतों में बना बंधा अचानक टूट गया और उसी समय बारिश शुरू हो गई। रिमझिम बारिश में ही किसानों ने अपने स्तर पर टूटे बंधे को पाटना शुरू कर 2 घंटे की मशक्कत के बाद पाट दिया। प्रशासन को सूचना मिलने पर 2 पोकलेन मशीन मंगवाई और कुछ देर बाद मशीनों की सहायता से टूटे बांध को मजबूत कर दिया। इससे पहले किसानों ने अपने स्तर पर बांध को पाट दिया जिससे राहत मिली। बांध टूटने से करीब एक मुरब्बा से अधिक नरमे की खड़ी फसल में पानी घुस गया।

श्रीविजयनगर से एसडीएम भारती फूलकर, विकास अधिकारी हेम सिंह, तहसीलदार विवेक चौधरी सहित पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। रामसिंहपुर। गांव 56 व 61 जीबी के बीच सोमवार रात्रि 2 जगह बहाव क्षेत्र में किसानों के बंधे टूट गए। इससे करीब 5 मुरब्बों में पानी फैल गया। गांव 56 जीबी के निकट नरमे की फसल को नुकसान हुआ। मंगलवार शाम घग्घर का पानी 56 जीबी गांव के अंतिम बांध से टकरा गया था। आशंका जताई जा रही थी कि पीछे से पानी की मात्रा बढ़ी तो गांव को खतरा हो सकता है। सरपंच भगवान सिंह, गुरविंद्र सिंह व लालचंद ने बताया कि रात्रि करीब 3 बजे कटाव शुरू हुआ था, हालांकि गांव के लोग उस समय मौजूद थे।

लेकिन संख्या कम होने से वे कटाव को रोक नहीं सके और वह बढ़ता गया। सुबह तक पानी गांव के नजदीक पहुंच गया। सूचना पाकर अनूपगढ़ तहसीलदार राजेंद्र चौधरी, एसएचओ दोलाराम, गिरदावर व पटवारी आदि मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को खाली थैले उपलब्ध करवाए। श्रीविजयनगर क्षेत्र में चक 9, 13 जीबी, 11 जोइयांवाली व 10 सरकारी सहित घग्घर क्षेत्र का पूर्व विधायक सोना देवी बावरी ने दौरा किया। चक 13 जीबी में जेसीबी मशीनों की सहायता से घग्घर के बंधों को मजबूत किया जा रहा है। पूर्व विधायक ने मौके पर एसडीएम भारती फूलफकड़, तहसीलदार विवेक चौधरी व पुलिस अधिकारियों को मौके पर बुलाया और किसानों से सहयोग करने की अपील की। इस मौके पूर्व सरपंच अरविंद बिश्नोई, बुधराम बिश्नोई, सरपंच जगराज सिंह ढि ल्लों, श्रीराम बावरी, पलविंद्र सिंह, रामविलास बिश्नोई, काला सिंह, दशरथ बिश्नोई, मनप्रीत सिंह, कुलदीप सिंह, लवप्रीत सिंह, गुरविंद्र सिंह, पम्मा सिंह, बूटा सिंह सहित किसान उपस्थित थे।

## घग्घर नदी के बहाव में टूटे बंधे

**अनूपगढ,** (निसं)। यहां गांव 75 जीबी में घग्घर नदी का बंधे टूट जाने के कारण नदी का पानी ढ ाणियों तक पहुंच गया था। ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना प्रशासन को दी गई थी। मगर प्रशासन के द्वारा कोई भी उचित कदम नहीं उठाए जाने पर ग्रामीण खुद के स्तर पर ही जेसीबी मंगवा कर बंधे को सही करवा रहे थे। जिस पर गांव वालों ने इसकी सूचना विधायक को दी। जिस पर विधायक संतोष बावरी मौके पर पहुंची। जहां मौके पर एसडीएम प्रियंका तलानिया भी मौजूद थीं। ग्रामीणों के द्वारा खुद के खर्च पर बंधे सही करवाने पर विधायक संतोष बावरी ने एसडीएम को जमकर फटकार लगाई। इस बीच एसडीएम और विधायक के बीच बहस हो गई। बहस के समय मौके पर तहसीलदार,गिरदावर,पटवारी और काफी ग्रामीण भी मौजूद थे।

विधायक संतोष बावरी ने कहा कि मौके पर जाकर देखा तो किसान बेबस नजर आ रहे थे और प्रशासन के द्वारा किसानों की राहत पहुंचाने के लिए कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा था। टूटे हुए बांध को सही करने के लिए जो जेसीबी मंगवाई गई थी। वह जेसीबी किसान ने खुद अपने खर्चे पर मंगवाई थी। जबकि किसान काफी गरीब है और वह इस खर्च को वहन नहीं कर सकता था,फिर भी प्रशासन ने किसान की ओर ध्यान नहीं दिया इससे प्रशासन की लापरवाही सामने आ रही है। एसडीएम प्रियंका तलानिया ने बताया कि मौके पर जो बांध टूटा था। उसे सही कर दिया गया है और अन्य बन्धो को मजबूत करवाया जा रहा है।

# पाकिस्तान की सीमा में घुसा पानी

## इंटेक स्ट्रक्चर के 10 गेट बंद किए

**हनुमानगढ़,** (निसं)। घग्घर नदी में पानी का प्रवाह घटने पर इंदिरा गांधी नहर में कट निकालकर खोले गए इंटेक स्ट्रक्चर के सभी दस गेट बुधवार को बंद कर दिए गए।

घग्घर नदी में धीरे-धीरे पानी का प्रवाह कम हो रहा है। इससे बाढ़ का खतरा भी कुछ कम हो गया है। हालांकि प्रशासन अभी भी सतर्कता बरत रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में किसान और शहरी क्षेत्र में सामाजिक और राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोग बांधों की निगरानी में लगे हुए हैं। इंदिरा गांधी नहर में कट निकालकर खोले गए इंटेक स्ट्रक्चर के सभी दस गेट बुधवार को बंद कर दिए गए। वहीं, घग्घर नदी का पानी श्रीगंगानगर जिले को पार कर पाकिस्तान की सीमा में प्रवेश कर गया है। मानसून सीजन के चलते अभी जिला प्रशासन की ओर से सतर्कता बरती जा रही है, जिससे पानी का फ्लो बढ़ने पर दोबारा बाढ़ के हालात पैदा न हों।

ओटू हेड से राजस्थान की ओर रिलीज किए जा रहे पानी की मात्रा बुधवार को भी कम हुई। इससे जिला प्रशासन के साथ घग्घर बहाव क्षेत्र के नागरिकों ने राहत की सांस ली है। उधर, पंजाब-हरियाणा में भारी बारिश के बाद हनुमानगढ़ जिले में घग्घर में पैदा हुए बाढ़ के खतरे को दूर करने

- **घग्घर नदी में धीरे-धीरे पानी का प्रवाह कम हो रहा है। इससे बाढ़ का खतरा भी कुछ कम हो गया है**

के लिए आरडी 629 पर इंदिरा गांधी नहर में कट निकालकर खोले गए इंटेक स्ट्रक्चर के सभी दस गेट बुधवार को बंद कर दिए गए। इन सभी दस गेटों को खोलकर पानी को इंदिरा गांधी नहर में डाला गया था।

शाम तक तीन गेट बंद करवाए गए, जबकि बुधवार को दोपहर तक शेष सातों गेट भी बंद करवा दिए गए। घग्घर में पानी घटने पर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की ओर से सभी गेट बंद करवाए गए हैं। घग्घर के पानी का प्रबंधन करने में यह गेट काफी अहम रहे थे। इंटेक स्ट्रक्चर का निर्माण होने के बाद इतिहास में पहली बार इन गेटों को खोला गया था। इन गेटों को खोलने से सेमनाला और घग्घर नाली बेड पर पानी का दबाव कम होने से जिले में बाढ़ के खतरे को टाला जा सका। बुधवार को घग्घर नदी का पानी श्रीगंगानगर जिले को पार कर पाकिस्तान की सीमा में प्रवेश कर गया।

# बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा को डराने का प्रयास : उनके खिलाफ एक्शन होगा यह चर्चा चलाई जा रही है

## कानाफूसी यह भी फैलायी जा गयी है कि जमीन पर कब्जे के एक साल पुराने केस में की जा सकती है गिरफ्तारी

**जयपुर**, (का.सं.)। अपनी ही सरकार में तीखे सवाल पूछने के लिये चर्चित और अब सदन में दिए गए बयान के बाद मंत्री पद से बर्खास्त किए गए राजेंद्र सिंह गुढ़ा की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। बहु प्रचारित चर्चा के अनुसार एक और तो उनके पुराने मामलों को लेकर फाइलें सीआईडी सीबी को भेज दी गई है वही उनके नजदीकी लोगों पर भी कार्यवाही शुरू हो गई है वही राजस्थान के जलदाय मंत्री महेश जोशी ने गुढ़ा पर जल्द ही मानहानि का मुकदमा दर्ज करवाने की तैयारी शुरू कर दी है। क्या पूर्व मंत्री गुढ़ा पर मामले दायर करने का यह सिलसिला वाजिब है या केवल डराने-धमकाने की तकनीक?

राजस्थान सरकार के बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा से जुड़े एक साल पुराने जमीनी विवाद से जुड़े केस की फाइल अब पुलिस महानिरीक्षक ऑफिस से सीआईडी-सीबी को भेजी गई है। इसी के साथ सरकार ने गुढ़ा के करीबियों पर भी एक्शन शुरू करते हुए भ्रष्टाचार के मामले में गुढ़ा के करीबी उदयपुरवाटी नगर पालिका के चेयरमैन रामनिवास सैनी को स्वायत शासन विभाग ने दो दिन पहले ही सस्पेंड कर दिया है।

दरअसल जिस मामले की फाइल सीआईडी सीबी में भेजी गई है, उसी मामले में पहले गुढ़ा के निजी सहायक दीपेंद्र सिंह और साले अभय सिंह की गिरफ्तारी हो चुकी है। अब कहा जा रहा है कि पुलिस पूछताछ और जांच में गुढ़ा की भी भूमिका बताई जा रही है। जिस किसकी बात हो रही है। दरअसल वह एक साल पहले जयपुर ग्रामीण के गोविंदगढ़ थाने के बलेखन गांव का है। यहां दक्षिण अफ्रीका में रहने वाले डॉ बनवारी लाल मील के हॉस्पिटल पर 20 अगस्त 2022 को कब्जा करने के लिए बड़ी संख्या में बदमाश गुढ़ा के साले अभय सिंह के साथ पहुंचे थे। उस दौरान घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से 14 लोगों को हॉस्पिटल पर कब्जा करने के मामले में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान पुलिस ने गुढा के निजी सहायक दीपेन्द्र सिंह और बिल्डर सत्यनारायण गुप्ता को भी गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस ने राजेन्द्र गुढा को भी आरोपी मानते हुए नामजद किया था। उस समय गुढ़ा मंत्री थे, इसलिए पुलिस कार्यवाही करने से बचती रही।

- **मंत्रियों को रेपिस्ट कहने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराने का डर दिखाया जा रहा है**

अब कहा जा रहा है कि पुलिस मुख्यालय की सीआईडी (सीबी) ने केस की फाइल पर गुढा के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। जयपुर ग्रामीण पुलिस इस केस में अपना पूरा काम कर चुकी है और उसके बाद फाइल को सीआईडी सीबी के पास भेजा गया है। ऐसे में अब गुढ़ा की गिरफ्तारी हो सकती है। नियमानुसार विधायक या मंत्री के खिलाफ दर्ज केस की जांच सीआईडी सीबी से कराना होता है। इसलिए फाइल को पुलिस मुख्यालय में सीआईडी सीबी के पास भेजी गई है।

इधर बर्खास्त मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा की ओर से लगाए गए आरोपों को लेकर जलदाय मंत्री महेश जोशी ने मानहानि का मुकदमा दर्ज करवाने की तैयारी शुरू कर दी है। गुढ़ा ने विधानसभा में हुए सारे घटनाक्रम के बाद मीडिया के सामने मंत्री महेश जोशी सहित कई मंत्रियों को रेपिस्ट करार दिया था। जोशी ने पीसीसी में मीडिया से बातचीत में कहा कि मैं राजेंद्र गुढ़ा के खिलाफ मानहानि की एफआईआर दर्ज करवा रहा हूं। वकीलों से राय ले रहा हूं, उसके बाद थाने जाकर केस करूंगा। जिस तरह के आरोप उन्होंने मुझ पर लगाए हैं, उसका जवाब उन्हें कोर्ट में देना होगा।

महेश जोशी ने कहा कि राजेंद्र गुढ़ा ने बीजेपी के साथ मिलकर कांग्रेस को बदनाम करने का प्रयास किया है। एक चीज को डायरी जैसा बताया जा रहा है जो डायरी लग ही नहीं रही। अगर उनके पास कोई लाल डायरी है, तो बताना चाहिए कि उस लाल डायरी में क्या है? गुढ़ा विधानसभा में जिसे लाल डायरी बताकर लहरा रहे थे, वे खुद चाह रहे थे कि वह इधर उधर हो जाए जिससे कि बाद में वे कह सकें कि वह खो गई। कांग्रेस के किसी विधायक के पास वह कथित डायरी है या गुढ़ा ने उसे कहीं फेंक दी, वो तो वही जाने।

जोशी ने कहा कि गुढ़ा जिस समय विधानसभा में डायरी लहरा रहे थे, उसके कुछ देर बाद ही बीजेपी विधायक भी छोटी-छोटी लाल डायरियां लेकर आ गए। जिस समय गुढ़ा मामला उठा रहे थे, उसी समय बीजेपी के विधायक भी लाल डायरियां लहरा रहे थे। यह साजिश की तरफ साफ इशारा कर रहा है। बिना मिलीभगत ऐसा नहीं हो सकता।

## डीसीपी के आदेश पर दुष्कर्म पीड़िता की एफ.आई.आर.दर्ज

**जयपुर**। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने डीसीपी ईस्ट के आदेश पर एक युवती के साथ दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और एससी-एसटी एक्ट में एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता ने डीसीपी ईस्ट ज्ञानचंद यादव को बताया कि उसके साथ विक्रम सिंह नाम के एक युवक ने दुष्कर्म किया। आरोपी ने इसका एक विडियो भी बनाया और आए दिन उसे वीडियो वायरल करने के नाम पर धमकाता रहता है। आरोपी से परेशान होकर पीड़िता ने महेश नगर थाने में शिकायत दी लेकिन यहां उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई।

गत 17 जुलाई को पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ एयरपोर्ट थाने में शिकायत दी लेकिन पुलिस ने राजीनामा करवा कर घर भेज दिया। जिस पर पीड़िता ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी डीसीपी को दी, जिस पर एयरपोर्ट थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि डीसीपी के आदेश पर युवती की शिकायत दर्ज कर ली है। आरोपी विक्रम सिंह उसी की कॉलोनी में रहता था। आरोपी ने जबरन उसके घर पर घुसकर उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया और इसकी उसने फोटो और वीडियो भी बना लिए। आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी कि अगर उसने इस संबंध में किसी को बताया तो वह उसकी फोटो और वीडियो को वायरल कर देगा। उसे और उसकी फैमिली को बदनाम कर देगा। जिसके कारण पीड़िता ने इस संबंध में किसी को कोई बात नहीं बताई। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने शिकायत दी है कि विक्रम सिंह वीडियो और फोटो के आधार पर पीड़िता को बार-बार ब्लैकमेल कर रहा है। साथ ही अब वह पीड़िता को अन्य लोगों के पास संबंध बनाने के लिए भी भेज रहा है। इसके भी आरोपी ने वीडियो बना लिए हैं। पीड़िता ने बताया कि एक बार उसने महेश नगर थाने में आरोपी विक्रम सिंह के खिलाफ शिकायत दी थी। विक्रम सिंह ने अपनी पहुंच के कारण कोई कार्यवाही नहीं होने दी। जिस कारण से पीड़िता विक्रम सिंह से काफी डरी हुई है।



जयपुर में बुधवार को हुई तेज बरसात से शहर में हर तरफ लंबा जाम लग गया। सीकर रोड पर ढेर के बालाजी व झोटवाड़ा में बरसाती पानी सड़क पर जमा होने से पानीपेच से चौमूं पुलिया तक भारी ट्रेफिक जाम लगा रहा जिससे वाहन रेंग रेंग कर चलते रहे।

# 'वेतन वृद्धि तिथि के एक दिन पहले सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी भी वृद्धि के हकदार'

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता करीब डेढ़ सौ सरकारी कर्मचारियों के पक्ष में अदालत ने फैसला दिया है कि वे सरकार से प्रतिवर्ष काम करने के लिये वेतन में अनुमानित वृद्धि के हकदार हैं, चाहे वे इस वृद्धि को लागू करने की तिथि से एक दिन पहले सेवानिवृत्त हो गये हों।

इस मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से मुख्य तौर पर अधिवक्ता विज्ञान शाह, संदीप सक्सैना, लोकेन्द्र सिंह, हनुमान चौधरी, शाश्वत पुरोहित, तनवीर अहमद पैरवी के लिये पेश हुए थे। न्यायाधीश अनूप कुमार ढंढ ने यह आदेश विजयसिंह व अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिये।

- **न्यायाधीश अनूप कुमार ढंढ ने यह आदेश विजयसिंह व अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिये।**
- **उल्लेखनीय है कि सामान्य परिस्थितियों में ज्यादातर सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति महीने के अंत में होती है। वर्तमान मामलों में 24 घंटों में ही उन्हें वेतन वृद्धि से वंचित कर दिया जाता था।**

इस मामले में कई सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों द्वारा रिट याचिका दायर की गई थी क्योंकि वे 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे थे जबकि 1 जुलाई से उन्हें वेतन में वृद्धि मिलती। उल्लेखनीय है कि सामान्य परिस्थितियों में ज्यादातर सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति महीने के अंत में होती है। वर्तमान मामलों में 24 घंटों में ही उन्हें वेतन वृद्धि से वंचित कर दिया जाता था।

अदालत के समक्ष यह मुद्दा था कि पूरे साल काम करने के बाद अगर सरकारी कर्मचारी वेतन में वृद्धि प्राप्त करने से एक दिन पहले ही सेवानिवृत्त हो जाये तो वह वेतन में वृद्धि के लिये योग्य नहीं है। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि इन सरकारी कर्मचारियों को वेतन वृद्धि से वंचित रखना नीति और कानून के उद्देश्य से गलत होगा।

उनका कहना था कि राज्य सरकार अपने दायित्व से मनमाने तरीके से अपना हाथ नहीं छुड़ा सकती। अदालत ने सभी तर्कों को सुनने के बाद राज्य सरकार को कहा कि याचिकाकर्ताओं को वेतन वृद्धि दी जाये और अगले तीन महीनों में बकाया पेंशन भुगतान भी करे।

# अब संविदा कार्मिकों को भी पूर्व में की गई सेवा का लाभ मिल सकेगा

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने राज्य सरकार के विभिन्न अधिसूचना प्रस्तावों को मंगलवार को स्वीकृति प्रदान की है।

संविदा कार्मिकों को पूर्व में की गई सेवा का लाभ राज्य सेवा की उस प्रस्ताव अधिसूचना को मंजूरी प्रदान की है जिसके अंतर्गत अन्य सेवाओं से आईएएस में चयन (राजस्थान कांटेक्ट्रैचूअल अपॉइंटमेंट टू सिविल पोस्ट रूल 2022) की ही तरह संविदा कार्मिकों को भी पूर्व में की गई सेवा का लाभ मिल सकेगा।

मिश्र ने मंगलवार को संविदा कर्मियों को नवीन संविदा नियमों में आने से पहले की सेवा से लाभ दिए जाने संबंधित संशोधन अधिसूचना जारी करने संबंधी प्रस्ताव की मंत्रिमंडल आज्ञा का अनुमोदन किया है।

इसी तरह राज्यपाल ने शासन सचिवालय, अधीनस्थ कार्यालयों और राजस्थान लोक सेवा आयोग से संबंधित मंत्रालयिक सेवा नियमों में शीघ्रलीपिक, निजी सहायक पाठ्यक्रम में राजस्थान के सामान्य ज्ञान को वेटेज देने संबंधित प्रावधान के प्रस्तावित संशोधन को भी स्वीकृति प्रदान की है।

राज्यपाल ने राज्य सरकार के कार्मिक विभाग द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की भांति पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग के सीधी भर्ती में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने की दशा में इनकी रिक्तियों को तीन भर्ती वर्षों तक अग्रेषित किए जाने हेतु विविध सेवा नियमों में संशोधन हेतु जारी अधिसूचना प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

सभी सेवा नियमों में समरूपता लाने के अंतर्गत 'रिजर्वेशन ऑफ वैकेन्सीज फॉर शिड्यूल्ड कास्ट्स एण्ड शिड्यूल्ड ट्राइब्स' के उपनियम चार में संशोधन किए जाने हेतु प्रस्तावित अधिसूचना का अनुमोदन किया है। सेवा नियमों में यह संशोधन अधिसूचना लागू होने से 17 जनवरी, 2013 के प्रावधान लागू हो जाएंगे।

## शहीद मीणा के परिजनों को तैल चित्र भेंट

**जयपुर**, (का.सं.)। शहीद राजेंद्र प्रसाद मीणा के पिता शंभू दयाल मीणा वीरांगना ममता मीणा पुत्र योगेश व पुत्री काव्या को राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर राजभवन में जाने-माने चित्रकार चंद्र प्रकाश गुप्ता की ओर से तैयार शहीद का तैल चित्र भेंट किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने शहीद के पिता शंभू दयाल मीणा से परिवार की कुशलक्षेम भी पूछी इस मौके पर चित्रकार चंद्रप्रकाश गुप्ता व एडवोकेट यूनुस खान भी मौजूद थे।

चित्रकार गुप्ता अब तक 300 से भी अधिक शहीदों के तैल चित्र तैयार कर उनके परिजनों को भेंट कर चुके हैं उल्लेखनीय है कि दौसा जिले के दिलावरपुर गांव के राइफलमैन राजेंद्र प्रसाद मीणा 13 नवंबर 2021 को मणिपुर के विहंग कस्बे में आतंकवादी हमले में शहीद हो गए थे

# परकोटे समेत आधे जयपुर में झमाझम बारिश, बाकी जगह गर्मी-उमस छाई

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजधानी जयपुर में बुधवार को मौसम के दो रूप देखने को मिले। जयपुर परकोटे, एम.आई.रोड, 22 गोदाम, अजमेर पुलिया के पास हथरोई, विद्याधर नगर और मुरलीपुरा समेत कई इलाकों में झमाझम बारिश का दौर चला। यहां देखते ही देखते सड़कें दरिया बनकर बहती नजर आई। परकोटे के चांदपोल बाजार और छोटी-बड़ी चौपड़ पर बाजारों में बने बरामदों और दुकानों में बारिश का पानी तक घुस गया।

दूसरी तरफ कालवाड़ रोड, सिरसी रोड, प्रताप नगर, मानसरोवर और आगरा रोड समेत आधा शहर सूखा रहा। यहां सिर्फ बूंदाबांदी हुई। हालांकि अलसुबह से शहर के आसमां पर काले घने मेघों ने डेरा डाल रखा था, लेकिन आधे शहर में झमाझम बारिश हुई, जबकि बाकी आधे शहर में लोग गर्मी और उमस से परेशान होते रहे। तेज बारिश ने नगर निगम की नाला सफाई के दावों की पोल खोलकर रख दी। चांदपोल बाजार में जब दुकानों और बरामदों में बारिश का पानी घुसा तो लोग नगर निगम के अधिकारियों को कोसते नजर आए। बारिश के कारण कई दुकानों में रखा सामान खराब हो गया। व्यापारी और उनके सहयोगी कर्मचारी बारिश का पानी दुकानों में घुसने से रोकने की जद्दोजहद करते दिखे।

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आंध्रप्रदेश-उडीसा तट पर बंगाल की खाड़ी में एक वेलमार्क लो-प्रेशर एरिया बना हुआ है। मानसून ट्रफ लाइन जैसलमेर, कोटा से होकर गुजर रही है। जयपुर, भरतपुर, अजमेर, बीकानेर संभाग में मानसून सक्रिय रहने और अधिकांश भागों में हल्की मध्यम बारिश व कहीं-कहीं पर भारी बारिश होने की संभावना है। जोधपुर, उदयपुर व कोटा संभाग के भी कुछ भागों में हल्के से मध्यम बारिश होने के आसार है। मौसम विभाग की मानें तो 27 जुलाई को भी दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान को छोड़कर अधिकांश भागों में मानसून सक्रिय रहने से हल्की-मध्यम बारिश व कोटा, उदयपुर, जयपुर संभाग में एक दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। इसके बाद 28 जुलाई को भी बारिश की गतिविधियां भरतपुर, जयपुर व बीकानेर संभाग के कुछ भागों में जारी रहने की संभावना है।

वहीं दूसरी ओर बनास नदी में पानी का बहाव तेज होने से अब जयपुर की लाइफ लाइन बीसलपुर बांध के जलस्तर में भी तेजी से बढ़ोतरी होने लगी है। पिछले 24 घंटे में बांध का जलस्तर तीन सेंटीमीटर बढ़कर 313.59 आरएल मीटर तक पहुंच गया है। हालांकि अब भी बांध छलकने से 1.90 मीटर दूर है। त्रिवेणी में पानी का बहाव 3.20 मीटर रिकॉर्ड किया गया है।

## 28 जिलों में खुलेंगे विवेकानन्द यूथ हॉस्टल

**जयपुर**। प्रदेश के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अब जिला मुख्यालयों में आवास की सुविधा मिलेगी। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के 28 जिलों में विवेकानंद यूथ हॉस्टल खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हॉस्टल निर्माण के लिए 78.18 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।

विवेकानंद यूथ हॉस्टल के निर्माण पूर्ण होने तक वैकल्पिक व्यवस्था के लिए 84 लाख रुपए का प्रावधान भी किया गया है। इन हॉस्टल में 50-50 आवासीय क्षमता होगी। गौरतलब है कि जयपुर, अजमेर, जोधपुर, उदयपुर एवं कोटा में भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा युवा आवास पूर्व से ही संचालित हैं।

## नेवटा बांध और कानोता बांध बनेगा ईको एडवेंचर टूरिज्म साइट

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जयपुर के नेवटा और कानोता बांध को अब ईको एडवेंचर टूरिज्म साइट के रूप में विकसित किया जाएगा। राज्य सरकार इनमें विकास कार्यों पर 6.24 करोड़ रुपए व्यय करेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

जयपुर स्थित कानोता बांध पर लगभग 2.48 करोड़ रुपए की लागत से बर्ड वॉचिंग प्लेटफार्म, छतरी का निर्माण, 600 मीटर लम्बी पैरापेट दीवार सहित विभिन्न प्रकार के निर्माण किए जाएंगे।

- **राज्य सरकार इनमें विकास कार्यों पर 6.24 करोड़ रुपए व्यय करेगी**

नेवटा बांध पर लगभग 3.75 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य होंगे। यहां प्रवेश द्वार से बांध की तरफ जाने वाला मार्ग भी बनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि गहलोत द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की गई थी।

## राजस्थान राज्य अहिल्या बाई होल्कर बोर्ड का गठन

**जयपुर**। राज्य सरकार द्वारा राजस्थान राज्य अहिल्या बाई होल्कर बोर्ड का गठन किया गया है। यह बोर्ड गडरिया (गाडरी), गायरी, घोसी (गवाला), पूर्बिया (धनगर, गाडरी) जाति वर्ग की स्थिति का जायजा लेकर, प्रमाणिक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर इन वर्गों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के सुझाव देगा।

## मालिक की बेटी से किया दुष्कर्म

**जयपुर** । नाहरगढ़ इलाके में एक नौकर द्वारा मालिक की बेटी की अस्मत लूटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी 19 वर्षीया युवती ने रिपोर्ट दी है कि पिता के पास साबिर नाम का लड़का काम करता था। आरोप है जनवरी 2020 में साबिर ने दुष्कर्म किया। इसके बाद ब्लैकमेल कर देहशोषण करने लगा। दिसंबर 2022 में वह बिहार ले गया गया। इसके बाद गाजियाबाद में बिना इच्छा के निकाह कर भट्टाबस्ती स्थित अपने मकान पर ले आया। यहां बंधक बना कर देहशोषण करता रहा। 22 जुलाई को पीड़िता मौका मिलने पर घर से भाग कर आ गई। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## नाबालिग छात्रा से होटल में दुष्कर्म

**जयपुर** । मुरलीपुरा इलाके में एक नाबालिग छात्रा से होटल में रेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी महिला ने रिपोर्ट दी है कि उसकी 17 वर्षीया बेटी दसवीं कक्षा में पढ़ती है। आरोप है 30 जून को रिंकू शर्मा उसे घुमाने की कह कर रेल्वे स्टेशन के पास अग्रवाल होटल में ले गया, जहां रात में उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। रिंकू ने घटना के अश्लील वीडियो बना लिए। अब वह लगातार ब्लैकमेल कर बेटी को तंग कर रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

# सरकार की वादाखिलाफी से नाराज राज्य कर्मचारी शुरू करेंगे आंदोलन

**जयपुर** । कांग्रेस के जन घोषणा पत्र-2018 में राज्य कर्मचारियों से किए गए वादों को पूरा नहीं करने के विरोध में प्रदेश के राज्य कर्मचारी 2 अगस्त से प्रदेश व्यापी आंदोलन का आगाज करेंगे। यह जानकारी अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने प्रदेश महासमिति की बैठक में दी। राठौड़ ने बताया कि आन्दोलन के प्रथम चरण में 2 अगस्त को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर धरने-प्रदर्शन के कार्यक्रम आयोजित कर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम के ज्ञापन सौंपे जाएंगे। दूसरे चरण में 11 अगस्त को जयपुर में एक प्रदेशव्यापी रैली का आयोजन किया जाएगा। राठौड़ ने कहा कि सरकार ने जन घोषणा पत्र 2018 में राज्य कर्मचारियों से वेतन विसंगतियों को दूर करने का वादा किया था। लेकिन आज तक अपने उस वादे को पूरा नहीं किया है। जबकि वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए डी.सी.सामंत की अध्यक्षता में गठित वेतन विसंगति निवारण समिति और खेमराज चौधरी की अध्यक्षता में गठित वेतन विसंगति परीक्षण समिति की रिपोर्ट सरकार के पास है। राठौड़ ने मुख्यमंत्री से कर्मचारी हित में वेतन संशोधन की रिपोर्ट को शीघ्र सार्वजनिक करने की मांग की है।

राठौड़ ने आगे बताया कि घोषणापत्र में संविदा कर्मियों सहित अन्य सभी अस्थाई कर्मचारियों को नियमित करने का भी वादा किया गया था । लेकिन इस वादे को भी सरकार ने पूरा नहीं किया है। राठौड़ ने कहा कि सरकार ने संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण करने के बजाय संविदाकरण कर दिया है। उन्होंने नेशनल हेल्थ मिशन के कर्मचारियों का जिक्र करते हुए कहा कि इनकी योग्यता व कार्य समान होते हुए भी इनके मानदेय में बड़ा अंतर है। राठौड़ ने कहा कि सरकार ने अब तक जिन संविदा कर्मियों को नियमित करने की कार्यवाही की है। उनके वेतनमान भी नियमित कर्मचारियों के वेतनमानों से काफी कम है। इससे संविदा कर्मियों में काफी आक्रोश है।

उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांग है कि चयनित वेतनमान (एसीपी) का परिलाभ 9, 18 व 27 वर्ष के स्थान पर 8, 16 , 24 व 32 वर्ष पर पदोन्नित पद के समान दिया जावे। तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानांतरण खोले जाए तथा सभी कर्मचारियों के लिए एक स्पष्ट एवं पारदर्शी स्थानांतरण नीति बनाई जाए। अर्जित अवकाश की सीमा 300 दिवस से बढ़ाकर सेवानिवृत्ति तक जोड़ने के आदेश जारी किए जाएं ।

अधीनस्थ मंत्रालयिक संवर्ग को सचिवालय कर्मियों के समान पदोन्नित एवं वेतन भत्ते दिए जावे तथा द्वितीय पदोन्नित ग्रेड पे 4200 पर सुनिश्चित की जावे। निविदा एवं संविदा पर लगे कार्मिकों का न्यूनतम पारिश्रमिक 18000 तय किया जाए तथा बजट घोषणा 2023 के अनुसार ठेका प्रथा समाप्त कर राज्य के सभी निविदा/ ठेका एवं प्लेसमेंट एजेंसियों के मार्फत लगे कार्मिकों को आर एल एस डी सी के माध्यम से सीधे वेतन देने के आदेश प्रदान किए जावें। राजस्थान परिवहन निगम को सरकार के विभाग के रूप में समाहित किया जावे। एमटीएस का पद सृजित कर सहायक कर्मचारियों को उसमें समायोजित किया जावे तथा इनका प्रारंभिक वेतन 18000 निर्धारित किया जावे। सत्र 2009-10 से पातेय वेतन पर पदस्थापित वरिष्ठ अध्यापक एवं प्रधानाध्यापक ग्रेड सेकंड को ऐडहॉक प्रमोशन की दिनांक से नियमित पदोन्नित सुनिश्चित की जावे। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद जेल कर्मियों ने अपने वेतन संशोधन के आंदोलन को स्थगित कर दिया था। अतः वार्ता में लिए गए निर्णय की पालना सुनिश्चित की जावे। पेंशनरों को 75 और 80 वर्ष पर 10-10 प्रतिशत पेंशन वृद्धि के स्थान पर 65, 70,75 व 80 वर्ष पर क्रमशः 5-5 प्रतिशत पेंशन वृद्धि के आदेश जारी किए जावें।

प्रदेश महासमिति की बैठक को कुलदीप यादव, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, भंवर सिंह धीरावत, उमेश शर्मा, विनोद कुमार सिद्धा, मदन सिंह राठौड़, राजेंद्र कुमार शर्मा, सर्वेश्वर शर्मा, सुरेश नारायण शर्मा, ओम प्रकाश चौधरी, धर्मपाल चौहान, पुष्पेंद्र सिंह, महेश कुमार शर्मा, प्रहलादराय अग्रवाल, महेंद्र सिंह राजावत, कांति कुमार शर्मा, तेज प्रकाश चतुर्वेदी एवं छोटे लाल मीणा, राधेश्याम मेघवाल, मोहनलाल शर्मा, विजय सिंह, अजीत सिंह शेखावत, नाथूसिंह गुर्जर, प्रेम सिंह, बहादुर सिंह राठौड़, राजेश पारीक ने भी संबोधित किया।

# वन संरक्षण विधेयक, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के मद्देनजर महत्वपूर्ण है : दीया कुमारी

**जयपुर**। राजसमंद सांसद दीया कुमारी ने आज संसद में वन संरक्षण विधेयक 2023 का पुरजोर समर्थन किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन (क्लाईमेट चेंज) निस्संदेह एक वैश्विक चुनौती है और भारत ने इसके प्रभाव से निपटने के लिए कार्बन सिंक बनाने का जिम्मा उठाया है। यह बिल नए वनों की स्थापना और वृक्षारोपण की सुविधा प्रदान करके देश के दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से मेल खाता है, जो 2030 तक 2.5 से 3 बिलियन टन 2 के बराबर कार्बन सिंक बनाने की प्रतिबद्धता में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

राजसमंद सांसद सदन में वन संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 पर चर्चा के दौरान बोल रही थीं। वह इस विधेयक की संयुक्त संसदीय समिति की सदस्य भी हैं, जिसने सदन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने से पहले इसके सभी पहलुओं का अध्ययन किया था और सभी हितधारकों से विस्तार से परामर्श किया था। सांसद दीया कुमारी ने आगे बताया कि विधेयक रणनीतिक परियोजनाओं के लिए छूट प्रदान करता है, विशेष रूप से भारत की सीमा के 100 किमी के भीतर, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक है। उन्होंने सदन में कहा, "हम संरक्षण और राष्ट्रीय हित के बीच एक नाजुक संतुलन बनाने की आवश्यकता को समझते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारे देश के लिए अत्यधिक महत्व की परियोजनाएं कड़े नियमों से बाधित न हों।" उनकी राय थी कि पिछले कुछ वर्षों में वन भूमि की मांग तेज होने के साथ, प्रस्तावित संशोधन हमारे महत्वपूर्ण वन संसाधनों की सुरक्षा और समाज की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के बीच एक बहुत जरूरी संतुलन बनाते हैं। उन्होंने कहा यह वन क्षेत्रों की व्यापक कवरेज सुनिश्चित करता है, यहां तक कि उन क्षेत्रों को भी जिन्हें आधिकारिक तौर पर वन के रूप में नामित नहीं किया गया है। विधेयक अनुमत वन गतिविधियों की सूची को भी विस्तृत करता है। चिड़ियाघर, सफ़ारी और इको-पर्यटन सुविधाओं का समावेश स्थायी आजीविका को बढ़ावा देते हुए वन संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग को सुनिश्चित करने के सरकार के प्रयासों को दर्शाता है। दीया कुमारी ने पर्यावरण की रक्षा और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री, भूपेन्द्र यादव का आभार व्यक्त किया।

- **संसद में आज चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि वन क्षेत्रों की व्यापक कवरेज सुनिश्चित करता है, यहां तक कि उन क्षेत्रों को भी जिन्हें आधिकारिक तौर पर वन के रूप में नामित नहीं किया गया है**

## सार-समाचार

### दो गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

**उदयपुर, (कासं)।** सविना थाना पुलिस ने सुने मकान का ताला तोड कर सोने चांदी के जेवर व नकदी चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए वारदात करने के आरोपी एवं माल खरीदने वाली महिला को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 4 मई 2023 को पीडिता ने रिपोर्ट दी कि सवेरे में अपनीबेटी के यहां भुवाणा चली गई थी। मेरे जाने के बाद किराएदार ने मकान में चोरी होने की सूचना दी थी। इस पर बेटी के साथ घर आकर देखा तो तालाटुटा हुआ एवं सारा सामन बिखरा पडा था। तलाशी ली तो 2 लाख रूपये नकदी, डेढ किलो चांदी की पायल, 16 चेन, 15 अंगुठी, दो बाजुबंद सेट,एक मंगलसूत्र, कान के पांच सेट, हाथ की चार चूडिया गायब थी। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। इस मामले में जिला पुलिस अधीखक भूवन भूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनन्त कुमार, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी फूलचंद टेलर के नेतृत्व में गठित दल ने मौके से एवं तकनकी अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर वारदात का खुलासा करते हुए इस मामले में पिपली ब परसाद निवासी दीपक पुत्र नारायणलाल को डिटेन कर पूछताछ की तो उसने वारदात करना स्वीकार किया तथा चोरी किया माल मोती पत्नी लाल कालबेलिया निवासी पिपली ब फला वाव परसाद को बेचना बताया। इस पर आरोपी दीपक व मोती को गिरफ्तार किया।

### फ्लोरोसिस की जांच की

**उदयपुर, (कासं)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस एच बामणिया ने बताया कि राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम के अंतर्गत आज सराड़ा खंड के उपली सदकडी और पाल सिपुर गांव के विद्यालयों में फ्लोरोसिस की जांच की गई। उपली सदकडी गांव के उच्च माध्यमिक विद्यालय तुम्बडा तालाब में कक्षा 1 से बारहवीं तक उपस्थित 273 बच्चों को फ्लोरोसिस नामक बीमारी की जांच की गई तथा इससे बचाव व उपचार के बारे में बताया गया। तंबाकू मुक्त यूथ कैंपेन के अंतर्गत बच्चों को तंबाकू, गुटखा आदि खाने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया एवं भविष्य में तंबाकू का सेवन नहीं करने के लिए शपथ दिलाई गई।जिला फ्लोरोसिस सलाहकार सपना चौधरी ने बताया कि 42 बच्चों को दंतीय फ्लोरोसिस के संभावित होने पर उपचार दिया गया। गांव उपली सदकडी में लोगों को फ्लोरोसिस से बचाव हेतु जागरूक किया गया। गांव पालसिपुर में प्राथमिक विद्यालय में 49 बच्चों की फ्लोरोसिस जांच की गई जिसमें 9 बच्चे दंतीय फ्लोरोसिस से ठास्त पाए गए। कम्युनिटी स्तर पर लोगों को जागरूक किया गया फ्लोरोसिस से संभावित मरीजों को दवाइयां दी गई, उनके यूरिन के सैंपल लिए गए एवं गांव से पानी के सैंपल लिए गए।

### नकदी व जेवरात हड़पे

**उदयपुर, (कासं)।** पढाई करने के दौरान अश्लील वीडियो तैयार कर पीडिता से लाखों की नकदी व जेवरात हड़पने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी दीपक शर्मा पुत्र रामस्वरूप शर्मा निवासी चित्तौड़गढ के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि मैं वर्ष 2017 में शहर में नर्सिंग पढाई करने के लिए आई थी। इस दौरान आरोपी साथ में पढाई करता था। एक दिन नोट्स लेने के बहाने आरोपी कमरे पर आया और धोखे से मेरे आपत्तिजनक वीड़ियों बना लिए। धीरे धीरे आरोपी ने ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। नवंबर 2021 में आरोपी ने पन्द्रह लाख रूपये नकद व सोने की चेन अंगुठी वसूल ली। इसके बावजूद परेशान करना जारी रखा।

### स्कूली छात्रा की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** गोगुन्दा कस्बे में स्कूली छात्रा की संदिग्ध मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कक्षा 11वीं में पढने वाली गोगुन्दा थाना क्षेत्र छिपाला गांव निवासी शीतल (16) पुत्री सोहनसिंह राजपूत बुधवार सवेरे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोडी स्कूल गई थी। जहां प्रार्थना सभा में अचानक अचेत होकर नीचे गिरने पर अध्यापक उसे उपचार के लिए गोगुन्दा चिकित्सालय ले गए। जहां विषाक्त सेवन करने की आशंका व्यक्त करते हुए उसे उदयपुर रेफर कर दिया। इस पर उसे एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया जहां उसकी मौत हो गई।

### पार्षद उपवास पर बैठा

**उदयपुर, (कासं)।** मुल्लातालाई गांधीनगर इलाके में बीती 19 जुलाई को वाल्मीकि समुदाय और मुस्लिम समाज के बीच हुई मारपीट के बाद एक तरफ जहां पुलिस ने स्थिति को काबू करने के लिए इलाके में पुलिस जवान तैनात किए हैं, तो वहीं शांति कायम करने की अपील के साथ क्षेत्र के वार्ड 7 पार्षद हिदायततुल्लाह दो दिन के सांकेतिक उपवास पर बैठे हैं। मल्लातलाई स्थित गांधीनगर में गांधी जी की मूर्ति के ठीक सामने तेज बारिश में छतरी लेकर हिदायतुल्ला सांप्रदायिक सौहार्द, अमन चैन और शांति की कामना के साथ मंगलवार सुबह से दो दिन के सांकेतिक उपवास पर बैठे हैं। उल्लेखनीय है कि गांधीनगर में 16-17 जुलाई को मुस्लिम और वाल्मीकि समाज के कुछ युवकों बीच में झगड़ा हुआ जिसके बाद 19 जुलाई को इसने सांप्रदायिक दंगे का रूप ले लिया था। जिसके बाद पुलिस के उच्च अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी और चार थानों का जाब्ता मौके पर पहुंचा, मामले में 12 लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है,वहीं फिलहाल अभी मौके पर शांति व्यवस्था के लिए पुलिस जवान भी तैनात हैं।

### सिलाई प्रशिक्षण का समापन

**उदयपुर, (कासं)।** नारायण सेवा संस्थान के मानव मन्दिर परिसर में सिलाई प्रशिक्षण कोर्स के 30 वें बैच का समापन ट्रेनर एवं बच्चों की उपस्थिति में हुआ। संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने बताया कि दिव्यांगों के कौशल विकास के लिये विभिन्न कोर्सेज संस्थान में संचालित है। निदेशक वंदना अग्रवाल ने त्रैमासिक सिलाई प्रशिक्षण ले चुके 17 दिव्यांगजनों को प्रमाण-पत्र भेंट किये। ये दिव्यांग बंधु जन अपने-अपने क्षेत्रों में स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनेंगे।

## नमाना एनिकट का किया लोकार्पण

**राजसमंद, (निसं)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी और जल संसाधन मंत्री महेंद्र जीत सिंह मालवीय ने बुधवार शाम बनास नदी पर नमाना में 26 करोड 36 लाख रुपए की लागत से बनाए गए एनिकट निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। एनिकट की लंबाई 200 मीटर है और जमीन स्तर से ऊंचाई 2 मीटर है। इसकी भराव क्षमता 8 एमसीएफटी है। खास बात यह है कि एनिकट का निर्माण कार्य महज छह माह में ही पूर्ण कर लिया गया। इससे कियावास, कोचली, नमाना, बामनहेडा सहित कई गांवों को लाभ मिलेगा। डॉ जोशी ने जनसभा को संबोधित करते हुए लोकार्पित एनिकट से मिलने वाले लाभ की जानकारी सभी से साझा की। साथ ही उन्होंने जिले में जारी विभिन्न जनकल्याणकारी विकास कार्यों को भी सभी से साझा किया।


**पर्यावरण स्वीकृती सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्टेट लेवल एन्वायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक F1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B1 (23033)/ 2022-23, दिनांक 21/07/2023 द्वारा सर्व श्री एवरेस्ट मिनरल्स निकट ग्राम कुन्दवा, तहसील देवगढ़ एवं जिला राजसमन्द,में स्थित खनन पट्टा संख्या-15/2021 (रेफरेन्स संख्या-20211000034698), क्षैत्रफल 1.9640 हैक्टयर, उत्पादन क्षमता 200861TPA(ROM) वास्ते खनिज ग्रेनाईट के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियेन्स जारी कि गई है। पर्यावरण क्लीरियेन्स की प्रति राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (राज.) (SEIAA) राजस्थान जयपुर व सम्बन्धित विभागों में उपलब्ध है।

सर्वश्री एवरेस्ट मिनरल्स

**पर्यावरण स्वीकृती सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्टेट लेवल एन्वायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक F1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B2 (22380)/ 2022-23, दिनांक 26/04/2023 द्वारा सर्व श्री सालासर मार्बल माईन्स निकट ग्राम पर्बती, तहसील आमेट एवं जिला राजसमन्द, में स्थित खनन पट्टा संख्या-117/2007, क्षैत्रफल 0.5280 हैक्टयर, उत्पादन क्षमता 52146TPA (ROM) वास्ते खनिज मार्बल के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियेन्स जारी कि गई है। पर्यावरण क्लीरियेन्स की प्रति राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (राज.) (SEIAA) राजस्थान जयपुर व सम्बन्धित विभागों में उपलब्ध है।

सर्वश्री सालासर मार्बल माईन्स


### पदयात्रा निकाली

**बांसवाड़ा, (निसं)।** मणिपुर में बढती हिंसा को लेकर कांग्रेसजनों ने कांग्रेस कार्यालय से पैदल मार्च किया जो मोहन कॉलोनी, हॉस्पिटल चौराहा होते हुए कलेक्ट्री पहुंचा जहां पर कांग्रेसजनों ने जमकर नारेबाजी की। ये लोग मोदी कहना मान लें बोरी-बिस्तर बांध ले, महिलाओं के सम्मान में कांग्रेस मैदान में, राहुल गांधी जिन्दाबाद जैसे नारे लगा रहे थे। जिलाध्यक्ष रमेशचंद्र पंड्या के नेतृत्व में निकले पैदल मार्च में कांग्रेसजन अपने हाथो में तिरंगा लिये हुए जोशीले नारे लगा रहे थे। बाद में जिला कलक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में बताया गया कि पिछले दो माह से अधिक समय से मणिपुर में जातिय हिंसा में अनेक लोग अपना जीवन और संपत्ति गवा चुके हैं। केंद्र सरकार की अकर्मण्यता के कारण मणिपुर प्रदेश में आदिवासी महिला एवं अल्पसंख्यक समुदायों पर अत्याचार हो रहे है।


**मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर**

क्रमांक/मोलासुवि/परीक्षा/2023/6188 दिनांक 26.07.2023

**अधिसूचना संख्या -28**

वार्षिक पद्धति के स्नातक व स्नातकोत्तर (सभी संकाय) तथा अन्य समस्त पाठ्यक्रम परीक्षा- 2023 के जिन कक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन आवेदन की अन्तिम तिथि समाप्त हो चुकी है, उन्हें आवेदन करने का एक अन्तिम अवसर पुन: प्रदान किया जाता है। ऐसे वंचित रहे विद्यार्थी पुनर्मूल्यांकन के लिए ऑनलाईन आवेदन दिनांक 27.07.2023 से कर सकेंगे साथ ही अन्तिम तिथि 29.07.2023 तक रहेगी।

(डॉ. राजेश चन्द्र कुमावत)-परीक्षा नियंत्रक

**कार्यालय ग्राम पंचायत ईण्टाली, पंचायत समिति सेमारी, जिला उदयपुर (राज.)**

क्रमांक:-Sp-1 दिनांक-20.07.2023

**-: ई निविदा सूचना- 01/2023-24 :-**

ग्राम पंचायत ईण्टाली में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 03.08.2023 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. 1. ZUD2324GLOB00489

सरपंच, ग्राम पंचायत ईण्टाली, पं.स. सेमारी, जिला-उदयपुर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत ईण्टाली, पं.स. सेमारी, जिला-उदयपुर (राज.)

**कार्यालय ग्राम पंचायत उदात फला, पंचायत समिति सेमारी, जिला उदयपुर (राज.)**

क्रमांक:-Sp-1 दिनांक-20.07.2023

**-: ई निविदा सूचना- 01/2023-24 :-**

ग्राम पंचायत उदात फला में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 03.08.2023 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. 1. ZUD2324GLOB00493

सरपंच, ग्राम पंचायत उदात फला, पं.स. सेमारी, जिला-उदयपुर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत उदात फला, पं.स. सेमारी, जिला-उदयपुर (राज.)

**कार्यालय ग्राम पंचायत कानपुर, पंचायत समिति सेमारी, जिला उदयपुर (राज.)**

क्रमांक:-Sp-1 दिनांक-20.07.2023

**-: ई निविदा सूचना- 01/2023-24 :-**

ग्राम पंचायत कानपुर में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 03.08.2023 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. 1. ZUD2324GLOB00490

सरपंच, ग्राम पंचायत कानपुर, पं.स. सेमारी, जिला-उदयपुर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत कानपुर, पं.स. सेमारी, जिला-उदयपुर (राज.)

**एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर - 313001 (राजस्थान)
दूरभाष : 0294-2561882, ईमेल: info@srghousing.com, वेबसाइट: www.srghousing.com
CIN: L65922RJ1999PLC015440

**अचल संपत्ति की नीलामी-बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना**

(सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियमों के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित)

एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (''एसआरजीएचएफएल'' के रूप में संदर्भित), 321, एसएम लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्कल के पास, उदयपुर - 313001 (राजस्थान) के अधिकृत अधिकारी, वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ('अधिनियम' के रूप में संदर्भित) के तहत और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियमों के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए, वर्ष 2002 में अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग नोटिस जारी किया गया था जिसमें उक्त नोटिस प्राप्त होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर भुगतान की तारीख तक संविदात्मक दर पर भविष्य के ब्याज के साथ-साथ सभी लागतों, प्रभारों और आनुषंगिक खर्चों आदि के साथ नीचे देय राशि की मांग की गई थी।

आम जनता को नोटिस दिया जाता है और विशेष रूप से उधारकर्ता/बंधककर्ता और गारंटर को नोटिस दिया जाता है, जो निर्दिष्ट अवधि के भीतर उक्त राशि का भुगतान करने में विफल रहते हैं, प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियमों के साथ पढ़े गए अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए भौतिक कब्जे को अपने कब्जे में ले लिया है, जिसे नीलामी के माध्यम से जिसे ''जैसा है जहां है'' के आधार पर, ''जैसा है'' के आधार पर और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर बेचा जाना है, नियमों के नियम 8 और 9 के तहत वित्तीय संस्थाओं के देय की वसूली के लिए नीलामी अनुसूची के अनुसार निविदाएं/बोलियां आमंत्रित करने के अलावा ''और कोई सहारा आधार नहीं है''।

**नीलामी का कार्यक्रम**

| | |
|---|---|
| संपत्ति का विवरण | भूमि और भवन का न्यायसंगत बंधक, साथ ही निर्मित भवनों और संरचनाओं के साथ-साथ पृथ्वी से जुड़ी फिक्स्चर और फिटिंग और पृथ्वी से जुड़ी किसी भी चीज और उस पर बनाई गई संपत्ति, जिसमें संपत्ति आराजी संख्या- 2199, 5672, होटल सूर्या शेखावटी, राष्ट्रीय राजमार्ग, गांव - परसाद, तहसील- सारदा, जिला- उदयपुर (राजस्थान) शामिल है। जिसका क्षेत्रफल 3229.17 वर्गफीट है। जिसकी चतुसिमा निम्न है - पूर्व - श्री कुबेर सिंह की पूर्व भूमि, पश्चिम- नेशनल राजमार्ग संख्या की सड़क - 08, उत्तर - अन्य भूमि, दक्षिण - श्री कुबेर सिंह की भूमि |
| भार (यदि कोई हो) | सुरक्षित लेनदार को ज्ञात नहीं |
| आरक्षित मूल्य (₹ में)) | ₹73,00,000/-(रुपये तिहत्तर लाख मात्र) |
| EARNEST MONEY जमा हेतु (₹) एनईएफटी/आरटीजीएस/फंड ट्रांसफर के माध्यम से एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, भारतीय स्टेट बैंक खाता संख्या -31647161123, आईएफएससी कोड-BIN0004082, SME शाखा, उदयपुर (राजस्थान) में जमा करवाने बाबत राशि एवं दिनांक। | ₹7,30,000/-(रुपये सात लाख तीस हजार मात्र)(EMD AMOUNT) अंतिम जमा तिथि - 31 अगस्त 2023 शाम 4.00 बजे से पहले |
| वृद्धिशील राशि | ₹1,00,000/-(रुपये एक लाख मात्र) |
| बोली लगाने की तारीख, समय और स्थान | 02 सितम्बर, 2023 सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक एसआरजी में हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, (321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर-313001 (राजस्थान) |
| संपत्तियों का निरीक्षण | प्राधिकृत अधिकारी की पूर्व नियुक्ति के अनुसार (किसी भी समय सुबह 10:30 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच) |
| असफल बोलीदाताओं की ईएमडी की वापसी | नीलामी की तारीख से 15 कार्य दिवसों के भीतर |
| पुष्टि किए गए सफल बोलीदाताओं के लिए स्वीकृत उच्चतम बोली के 25% के भुगतान की अंतिम तिथि (ईएमडी सहित) | बोली की पुष्टि की तारीख से अगले कार्य दिवस तक भुगतान किया जाना चाहिए। |
| उच्चतम बोली के शेष 75% के भुगतान की अंतिम तिथि | बोली की तारीख से 15 दिनों के भीतर पुष्टीकरण |

**ऋण विवरण**

| | |
|---|---|
| पार्टी का विवरण | 1. श्री सुमेर सिंह पुत्र श्री भोपाल सिंह<br>2. श्रीमती विनोद कुंवर पत्नी श्री सुमेर सिंह<br>3. श्री निर्भय सिंह पुत्र श्री रणजीत सिंह<br>4. श्री दुर्गा शंकर चौबिसा पुत्र श्री रोड चौबिसा |
| नियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस की तारीख | 18-04-2016 |
| नियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस की राशि | मांग राशि मांग पत्र अनुसार 66,43,879.85/- रुपये छासठ लाख तैंतालीस हजार आठ सौ उनहत्तर और पिचासी पैसे मात्र दिनांक 18 अप्रैल, 2016 तक एवं 19 अप्रैल, 2016 से आगे के ब्याज व खर्चे। |
| भौतिक कब्जे की तारीख | 23-07-2020 |
| कब्जे की सूचना के प्रकाशन की तिथि | 29-07-2020 |
| बकाया देय राशि (₹) | मांग राशि मांग पत्र अनुसार 66,43,879.85/- रुपये छासठ लाख तैंतालीस हजार आठ सौ उनहत्तर और पिचासी पैसे मात्र दिनांक 18 अप्रैल, 2016 तक एवं 19 अप्रैल, 2016 से आगे के ब्याज व खर्चे। |

1. संपत्तियों के निरीक्षण के लिए, इच्छुक बोलीदाता सुबह 10:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक कार्यालय समय के दौरान 321, एसएम लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्कल के पास, उदयपुर 313001 (राजस्थान) पर प्राधिकृत अधिकारी श्री सुरेंद्र शर्मा (मोबाइल- 9251983853) से संपर्क कर सकते हैं। यह बोली हस्तांतरणीय नहीं है।
2. बिक्री वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत निर्धारित नियमों / शर्तों के अधीन होगी।
3. यह नोटिस उधारकर्ता, गारंटर (ओं) और सामान्य रूप से जनता पर भी लागू होता है।
4. मोड या भुगतान: एसआरजीएचएफएल के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया A/C नंबर- 31647161123, आईएफएससी- SBIN0004082, एसएमई शाखा, 4-सी रिधि सिद्धि कॉम्प्लेक्स, उदयपुर (राजस्थान) में एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम पर एनईएफटी/आरटीजीएस/फंड ट्रांसफर द्वारा। कृपया ध्यान दें कि चेक/डिमांड ड्राफ्ट को ईएमडी राशि के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। नीलामी के माध्यम से प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री का संचालन किया जाएगा।
5. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे www.srghousing.com के वेब पोर्टल के माध्यम से जानकारी लें।

नोट - 1. इस नोटिस को www.srghousing.com पर देखा जा सकता है।
2. विस्तृत नियम और शर्तें, बोली फॉर्म आदि के लिए, लॉग ऑन करें www.srghousing.com

स्थान - उदयपुर
प्रकाशन की तिथि- 27/07/2023

प्राधिकृत अधिकारी, एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

**वैधानिक 30 दिनों की नीलामी-बिक्री नोटिस सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत**

उधारकर्ता/गारंटर/बन्धककर्ताओं को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर उपर्युक्त उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है और ऐसा न करने पर वित्तीय संस्था सरफेसी अधिनियम, 2002 में निर्धारित प्रावधान के अनुसार संपत्ति को बेच देगी।

**वैधानिक 30 दिनों की नीलामी-बिक्री नोटिस**

(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6)/नियम 9(1) के तहत)

इसे प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के तहत उपर्युक्त तिथि को नीलामी बिक्री के आयोजन के बारे में उक्त ऋण के उधारकर्ता और गारंटर को नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है।

स्थान - उदयपुर, दिनांक - 27 जुलाई, 2023

प्राधिकृत अधिकारी, एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**

टाउनहॉल लिंक रोड़, उदयपुर (राज.) 313001

दूरभाष सं. 0294.2421255, 2420013 Helpline no. 0294.2426262 वेबसाइट-www.mcudaipur.org.com

52


क्रमाक :-69-क/222/2023-24 दिनांकः-26.7.2023

**आपत्ति आंमत्रण**

प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के अन्तर्गत निम्नांकित आवेदनकर्ताओं द्वारा 69-क एक्ट के अन्तर्गत पट्टा प्राप्त करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए है। इस हेतु सर्व साधारण से आपत्ति आमंत्रित की जाती है कि उक्त आवेदन के विरूद्ध कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 7281 | 172, सिलावटवाडी |
| 2 | 7282 | 18, सिन्धी बाजार |
| 3 | 7283 | हाथीपोल |
| 4 | 7284 | 9, ब्रह्मपोल |
| 5 | 7285 | 11, ब्रह्मपोल |
| 6 | 7286 | 104, वारियों की घाटी |
| 7 | 7287 | पुरोहितों की मादडी |
| 8 | 7288 | 55, मेवाफरोश मार्ग |
| 9 | 7289 | 44, खेमपुरा |
| 10 | 7290 | 15-बी, बोहरवाडी |
| 11 | 7291 | 54, भोईवाडा |
| 12 | 7292 | 45/85, भोईवाडा |
| 13 | 7293 | 33, पन्नाधाय मार्ग |
| 14 | 7294 | आजादनगर |
| 15 | 7295 | देवाली |
| 16 | 7296 | 11-ए, पुलां |
| 17 | 7297 | गणेशनगर पहाड़ा |
| 18 | 7298 | 5, भोपालवाडी |
| 19 | 7299 | गोवर्धन विलास |
| 20 | 7300 | 64, गोवर्धन विलास |
| 21 | 7301 | जगदीश चौक |
| 22 | 7302 | 22, गोवर्धन विलास |
| 23 | 7303 | पुंला |
| 24 | 7304 | 11-ए, पुलां |
| 25 | 7305 | गणेशनगर पहाडा |
| 26 | 7306 | 84, कुम्हारवाडा |
| 27 | 7307 | 276, सुन्दरवास |
| 28 | 7308 | 29, सुरजपोल |
| 29 | 7309 | 29, सुरजपोल |
| 30 | 7310 | पानेरियों की मादडी |
| 31 | 7311 | पुलां |
| 32 | 7331 | अमल का कांटा |
| 33 | 7313 | 127-ए, देवाली |
| 34 | 7314 | 37, राव जी की हाटा |
| 35 | 7315 | 46-बी, सज्जननगर |
| 36 | 7316 | सज्जननगर |
| 37 | 7317 | राताखेत |
| 38 | 7318 | 5, कुम्हारवाड़ा |
| 39 | 7319 | 148, आयड़ |
| 40 | 7320 | जगदीश चौक |
| 41 | 7321 | सविना |
| 42 | 7322 | महाराज का अखाड़ा |
| 43 | 7323 | 44, सुरजपोल |
| 44 | 7324 | 7, घण्टाघर |
| 45 | 7325 | 3405, राताखेत |
| 46 | 7326 | गोवर्धन विलास |
| 47 | 7327 | सज्जननगर |
| 48 | 7328 | 1213, गणेशनगर पहाड़ा |
| 49 | 7333 | 10, हाथीपोल |
| 50 | 7330 | आयड़ |

**आयुक्त, नगर निगम, उदयपुर**



हम यह जानते है कि पिछला सप्ताह हमारा सर्वश्रेष्ठ नहीं था। हालांकि हमने ऐशेज को बरकरार रखा। परंतु हमें यह महसूस होता है कि अभी हमारा काम पूरा नहीं हुआ है। - पैट कमिंस

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान, अंतिम एशेज टेस्ट से पहले।




आज का खिलाड़ी

विराट कोहली



कोहली एक और वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की दहलीज पर हैं। कोहली को एक शतकीय पारी की जरूरत है, जिसके बाद वह वनडे क्रिकेट में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का बड़ा रिकॉर्ड ध्वस्त कर देंगे। बता दें कि कोहली ने अब तक 274 वनडे खेले हैं। उन्होंने इस दौरान 265 पारियों में 12898 रन जोड़े। कोहली को वनडे में 13 हजार रन कंप्लीट करने के लिए 102 रन की जरूरत है। कोहली अगर आगामी सीरीज में यह रन बनाने में सफल रहते हैं तो वह सबसे तेज (पारी के मामले) 13 हजार वनडे रन बनाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। यह रिकॉर्ड फिलहाल सचिन के नाम दर्ज है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## करीबी मुकाबले में स्पेन से हारा भारत

बार्सिलोना, 26 जुलाई। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को स्पैनिश हॉकी महासंघ 100वीं वर्षगांठ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के पहले मैच में स्पेन के हाथों 1-2 की हार का सामना करना पड़ा है। मेजबान टीम के खिलाफ मंगलवार को खेले गये मुकाबले में पॉल क्यूनिल (11वां मिनट) और जोक्विन मेनिनी (33वां मिनट) ने विजेता टीम के लिये एक-एक गोल किया। हरमनप्रीत सिंह 59वें मिनट में भारत का गोल किया, हालांकि वह हार का अंतर ही कम कर सके। शुरुआती क्वार्टर में आक्रामक खेल के बावजूद भारतीय टीम बढ़त नहीं बना सकी। इसका खामियाजा भारत को तब भुगतना पड़ा जब क्यूनिल ने क्वार्टर की समाप्ति से पहले गेंद को नेट में पहुंचाकर स्पेन का खाता खोल दिया। भारत ने दूसरे क्वार्टर में गेंद पर कब्जा रखते हुए वापसी की कोशिश की लेकिन स्पेन का रक्षण न भेद पाने के कारण मेहमान टीम हाफ टाइम तक 0-1 से पिछड़ी रही। भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में स्पेन की रक्षा पंक्ति का बार-बार परीक्षण किया। मेजबान टीम ने न सिर्फ भारत को गोल करने की अनुमति नहीं दी, बल्कि मेनिनी के गोल के दम पर अपनी बढ़त दोगुनी भी कर ली। भारत ने स्पेन की रक्षा पंक्ति का इम्तिहान लेते हुए तीसरे क्वार्टर में एक पेनल्टी कॉर्नर भी अर्जित किया, हालांकि स्पेन के गोलकीपर ने हरमनप्रीत के तेजतर्रार फ्लिक को सफलतापूर्वक रोक लिया। भारतीय टीम ने चौथे क्वार्टर में अधिक अनुशासन का प्रदर्शन किया और स्पेन को दबाव में भी रखा। स्पेन ने तीसरे गोल की तलाश में दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किये लेकिन भारतीय रक्षण को भेद न सका। भारत को उसके दबदबे का फल 59वें मिनट में मिला जब हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर मेहमान टीम का खाता खोला। स्पेन ने हालांकि मैच के अंतिम क्षणों में भारत को बराबरी नहीं करने दी और मुकाबला 2-1 से जीत लिया। भारत का अगला मुकाबला बुधवार को नीदरलैंड से होगा।

## विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में चार तलवारबाजों को आर्थिक सहायता देगा साई

नयी दिल्ली, 26 जुलाई। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने चीन के चेंगदू में आगामी विश्व विश्वविद्यालय खेलों के लिये साई राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) के चार फ़ेंसर्स को आर्थिक रूप से समर्थन देने की घोषणा की है। साई ने बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि अभय कृष्ण शिंदे, दुर्गेश मिलिंद जहागीरदार, तन्नु गुलिया और शिक्षा बलोरिया सहित चार तलवारबाजों को आर्थिक सहायता दी जायेगी।

## इंटर मियामी के लिये पहले मैच में मेस्सी के दो गोल

फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका), 26 जुलाई। इंटर मियामी के लिये पदार्पण करते हुए अर्जेंटीना के सुपरस्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने अटलांटा युनाइटेड के खिलाफ लीग्स कप मैच में दो गोल किये। दो गोल करने के अलावा उन्होंने एक गोल में सूत्रधार की भूमिका भी निभाई। उनके दो मैचों में तीन गोल हो गए हैं। इंटर मियामी ने हाफटाइम तक 3.0 की बढत बना ली थी जो क्लब के इतिहास में पहली बार हुआ है। मियामी ने यह मैच 4.0 से जीता। उन्होंने 78वें मिनट में मैदान छोड़ा तो बड़ी संख्या में उनके दस नंबर की जर्सी पहने प्रशंसकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें एशेज टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम में कोई बदलाव नहीं

लंदन, 26 जुलाई। इंग्लैंड ने द ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के लिए बुधवार को अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं किया। पांचवें टेस्ट के चौथे दिन 41 बरस के होने जा रहे इंग्लैंड के सबसे सफल गेंदबाज जेम्स एंडरसन श्रृंखला में अब तक निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद टीम में अपनी जगह बचाने में सफल रहे हैं। तेज गेंदबाज मार्क वुड और ऑलराउंडर क्रिस वोक्स को भी फिट घोषित किया गया है।

## जाम्बिया को रौंदकर शीर्ष-16 में स्पेन

ऑकलैंड, 26 जुलाई। स्पेन ने फीफा महिला विश्व कप 2023 में बुधवार को ज़ाम्बिया को 5-0 से रौंदकर टूर्नामेंट के शीर्ष-16 चरण में जगह बना ली। ईडन पार्क पर खेले गये ग्रुप-सी मैच में जेनिफर हर्मोसो (13वां, 70वां मिनट) और अल्बा रेडोंडो (69वां, 85वां मिनट) ने विजेता टीम के लिये दो-दो गोल किये। टेरेसा अलेबिएरा (नौवां मिनट) ने एक गोल जमाया। स्पेन की इस जीत के साथ कोस्टा रिका को 2-0 से हराने वाला जापान भी अगले चरण में पहुंच गया। स्पेन और जापान दोनों छह-छह अंक अर्जित कर चुके हैं। जबकि ज़ाम्बिया और कोस्टा रिका अपने शुरुआती दोनों मुकाबले हारने के बाद शीर्ष-16 की दौड़ से बाहर हो गये हैं। दिन के एक अन्य मुकाबले में, कनाडा ने ग्रुप-बी में आयरलैंड गणराज्य को 2-1 से हराया। आयरलैंड का गोल केटी मेकाबे (चौथा मिनट) ने किया, लेकिन मेगन कोनॉली (45 5वां मिनट) और एड्रियान लियोन (53वां मिनट) ने एक-एक गोल जमाकर कनाडा को जीत दिला दी।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी जीती, सिंधू फिर हारी

टोक्यो, 26 जुलाई। खराब फॉर्म से गुजर रहीं पीवी सिंधु की चिंताएं खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु बुधवार को जापान ओपन के पहले चरण में चीन की झांग यी मान से सीधे गेमों में हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गयीं। झांग को सिंधु पर 21-12, 21-13 की विजय प्राप्त करने में सिर्फ 32 मिनट का समय लगा। शीर्ष भारतीय शटलर इस साल के 13 बीडब्ल्यूएफ आयोजनों में सातवीं बार पहले चरण में ही हारकर बाहर हुई हैं।

पूर्व विश्व चैंपियन अगस्त 2022 में लगी चोट से उबरने के बाद लय हासिल नहीं कर सकी हैं और लगातार खराब प्रदर्शन के कारण बीडब्ल्यूएफ महिला रैंकिंग में 17वें स्थान पर आ गयी हैं। इस साल सिंधु ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन मैड्रिड मास्टर्स में दिया जहां वह दूसरे स्थान पर रही थीं। सिंधु ने हाल ही में 2003 ऑल-इंग्लैंड चैंपियन मोहम्मद हाफ़िज़ हाशिम को अपना नया कोच बनाया है और उन्हें अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक से पूर्व अपना प्रदर्शन सुधारने की उम्मीद है।

इस बीच, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखते हुए इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और डैनियल मार्टिन को 21-16, 11-21, 21-13 से हराकर दूसरे चरण में कदम रखा। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी दूसरे दौर में डेनमार्क की जेप्पे बे और लासे मोल्हेडे से भिड़ेगी।

दूसरी ओर, लक्ष्य सेन ने हमवतन प्रियांशु राजावत को 21-15, 12-21, 24-22 से मात देकर बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। दूसरे दौर में उनका मुकाबला जापान के कांता सुनेयामा से होगा। एक अन्य पुरुष एकल मुकाबले में, मिथुन मंजुनाथ चीन के वेंग हॉन्ग यांग से हारकर बाहर हो गये। यांग ने एक घंटे 25 मिनट चले रोमांचकारी मुकाबले में मिथुन को 21-13, 22-24, 18-21 से मात दी।

# भारत ने इंग्लैंड को ड्रॉ पर रोका

बार्सिलोना, 26 जुलाई। भारतीय महिला हॉकी टीम ने बुधवार को स्पैनिश हॉकी फेडरेशन 100वीं वर्षगांठ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच में पिछड़कर वापसी करते हुए इंग्लैंड को 1-1 के ड्रा पर रोक लिया। इंग्लैंड होली हंट (सातवां मिनट) के गोल के दम पर जीत की ओर बढ़ रही थी, लेकिन लालरेम्सियामी (41वां) ने भारत के लिये गोल जमाकर मुकाबला ड्रॉ करवाया।

इंग्लैंड की टीम मुकाबले के पहले मिनट से अपनी लय में दिखी और बेहतरीन तरीके से गेंद को पास करते हुए उसपर कब्जा रखा। मैच के सातवें ही मिनट में हंट ने भारतीय डी के अंदर जोरदार शॉट खेलकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। भारत ने स्कोर बराबर करने के कई मौके बनाये लेकिन इंग्लैंड के अटूट रक्षण ने उसे एक बार भी गेंद को नेट में पहुंचाने का मौका नहीं दिया।

दूसरे क्वार्टर में भारत के आक्रामक रवैये को देखकर इंग्लैंड ने गेंद को अपनी मिडफील्ड और रक्षकों तक सीमित रखने की योजना बनायी। यह योजना इंग्लैंड के काम आयी और भारतीय महिलाएं हाफ टाइम तक पिछड़ी रहीं। इंग्लैंड ने 30वें मिनट तक अपनी बढ़त सुरक्षित रखने के बाद भारतीय खेमे में आक्रमण करने का फैसला किया। इस नीति ने इंग्लैंड को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर दिलाया, हालांकि वह इसे भुना नहीं सका। इस बीच, इंग्लैंड की आक्रमणकारी नीति ने भारत को भी गेंद पर कब्जा जमाने का मौका दे दिया।

कुछ देर बाद ही भारत ने अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया और लालरेम्सियामी ने इसे गोल में बदलने में कोई चूक नहीं की। दोनों ही टीमों ने मुकाबले के अंतिम मिनटों में कई पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किये लेकिन गोल न होने के कारण मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। गौरतलब है कि हाल ही में जूनियर एशिया कप 2023 में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के साथ खिताब जीतने वाली युवा मिडफील्डर ज्योति छेत्री ने इस मैच में सीनियर टीम के लिये पदार्पण किया था।

## शफीक-सलमान चमके, पाक की बढ़त 400 के करीब

कोलंबो, 26 जुलाई। युवा प्रतिभावान सलामी बल्लेबाज अब्दुल्लाह शफीक (201) के दोहरे शतक और आगा सलमान (132 नाबाद) के शतक के दम पर पाकिस्तान ने दूसरे श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट के तीसरे दिन बुधवार को पांच विकेट के नुकसान पर 563 रन बना लिये।

पहली पारी में श्रीलंका को 166 रन के मामूली स्कोर पर आउट करने के बाद पाकिस्तान 397 रन की बढ़त बना चुका है और अब मेजबान टीम के लिये मैच में वापसी करना मुश्किल होगा। दूसरे दिन भले ही बारिश के कारण सिर्फ 10 ओवर का खेल हो सका, लेकिन तीसरे दिन शफीक की लय में कोई कमी नहीं आयी। कप्तान बाबर आज़म (39) का विकेट जल्दी गिरने के बावजूद शफीक ने अपना शतक पूरा किया और सऊद शकील के साथ चौथे विकेट के लिये 109 रन की साझेदारी की। शफीक 110 गेंद पर छह चौकों की सहायता से 57 रन बनाकर आउट हो गये, लेकिन श्रीलंकाई गेंदबाज शफीक को उनके टेस्ट करियर के पहले दोहरे शतक तक पहुंचने से नहीं रोक सके। शफीक ने अंततः 326 गेंद पर 19 चौकों और चार छक्कों के साथ 201 रन बनाकर अपनी पारी समाप्त की। दूसरे छोर पर खड़े आगा सलमान ने इसके बाद पारी की रफ्तार बढ़ाकर अपने टेस्ट करियर में दूसरी बार सैकड़ा जमाया।

## नवरात्रि के कारण एक दिन पहले हो सकता है भारत-पाक विश्व कप मैच

मुंबई, 26 जुलाई। भारत और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 15 अक्टूबर को नियोजित एकदिवसीय विश्व कप मुकाबला एक दिन पहले, 14 अक्टूबर को आयोजित किया जा सकता है। क्रिकबज़ की ओर से बुधवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, अहमदाबाद पुलिस ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से कहा है कि 15 अक्टूबर नवरात्रि का पहला दिन होने के कारण वह भारत-पाकिस्तान मैच में सुरक्षा नहीं प्रदान कर सकेगी।

रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई अब नये विकल्प तलाश रहा है और इसके तहत चिर-प्रतिद्वंद्वियों के बीच मुकाबला 14 अक्टूबर को भी आयोजित हो सकता है। यह योजना हालांकि पाकिस्तान के लिये असहज हो सकती है क्योंकि उसे 12 अक्टूबर को श्रीलंका से भिड़ना है। हैदराबाद में श्रीलंका का सामना करने के 48 घंटे बाद अहमदाबाद में भारत से मुकाबला करना पाकिस्तान के लिये मुश्किल हो सकता है।

इसके अलावा 14 अक्टूबर को चेन्नई में न्यूजीलैंड बनाम बांग्लादेश (सुबह 10:30 बजे से शुरू) और नयी दिल्ली में इंग्लैंड बनाम अफगानिस्तान (दोपहर दो बजे से शुरू) सहित दो और मैच निर्धारित हैं। उसी दिन भारत-पाकिस्तान के रूप में तीसरा मैच जोड़ने से प्रसारकों और आयोजकों के लिये चिंताएं पैदा हो सकती है।

रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई ने अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) या पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से कोई औपचारिक संचार नहीं किया है। नयी दिल्ली में गुरुवार को होने वाली मेजबान संघों की बैठक में कोई न कोई समाधान निकाला जा सकता है। एकदिवसीय विश्व कप पांच अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होकर 19 नवंबर को अहमदाबाद में ही समाप्त होगा।

## चेन्नईयिन एफसी से जुड़े कॉर्नर शील्ड्स

चेन्नई, 26 जुलाई। चेन्नईयिन एफसी ने 2023-24 सीज़न से पहले स्कॉटलैंड के सेंटर-फ़ॉरवर्ड खिलाड़ी कॉनर शील्ड्स के साथ अनुबंध किया है। शील्ड्स इस सीज़न चेन्नईयिन से जुड़ने वाले दूसरे विदेशी खिलाड़ी हैं। शील्ड्स इससे पहले स्कॉटलैंड के क्लब मदरवेल एफसी का हिस्सा थे। वह 2022-23 सीज़न में ऋण पर क्वींस पार्क एफसी में चेन्नईयिन एफसी के नये कोच ओवेन कॉयल के साथ काम कर चुके हैं। शील्ड्स ने नये क्लब से जुड़ने पर कहा, "मैं चेन्नईयिन एफसी में शामिल होकर खुश हूं। मैं भारत आने और इस रोमांचक नयी चुनौती के साथ शुरुआत करने का इंतजार नहीं कर सकता।"

## एशियाई खेलों के लिये भारतीय फुटबॉल टीम को मिली मंजूरी

नयी दिल्ली, 26 जुलाई। केन्द्रीय खेल मंत्रालय ने 'नियमों में ढील देते हुए' भारत की पुरुष और महिला फुटबॉल टीम को चीन के हांग्झोउ में 23 सितंबर से होने वाले एशियाई खेलों में भेजने का निर्णय लिया है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसकी जानकारी देते हुए बुधवार को ट्वीट किया, भारतीय फुटबॉल प्रेमियों के लिये अच्छी खबर! हमारी पुरुष और महिला दोनों राष्ट्रीय फुटबॉल टीमें आगामी एशियाई खेलों में भाग लेने के लिये तैयार हैं। भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने उन दोनों टीमों की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिये नियमों में ढील देने का निर्णय लिया है।

उल्लेखनीय है कि खेल मंत्रालय के नियमों के अनुसार, किसी भी भारतीय टीम या खिलाड़ी को एशियाई खेलों में जाने के लिये एशियाई रैंकिंग के शीर्ष आठ में होना ज़रूरी है। चूंकि भारत की फुटबॉल टीमें इस शर्त को पूरी नहीं करतीं, भारत सरकार ने उन्हें एशियाई खेलों में जाने की मंजूरी नहीं दी थी। भारतीय पुरुष टीम के कोच इगोर स्टिमाच ने एक पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्री ठाकुर से एशियाई खेलों में जाने की अनुमति मांगी थी और कहा था कि उनकी टीम 'अपने देश के गौरव और ध्वज' के लिये लड़ेगी। इससे पहले अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने भी खेल मंत्रालय से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की थी।

भारतीय पुरुष टीम खेल मंत्रालय की इस शर्त के कारण 2018 एशियाई खेलों में भी हिस्सा नहीं ले सकी थी, लेकिन बीते कुछ महीनों में पुरुष और महिला दोनों टीमों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। पुरुष टीम इस साल ट्राई-नेशन टूर्नामेंट, इंटरकॉन्टिनेंटल कप और सैफ चैंपियनशिप सहित तीन खिताब जीतने के अलावा फीफा रैंकिंग के शीर्ष 100 में भी पहुंच गयी है। महिला टीम ने अप्रैल में किर्गिस्तान को दो चरणों में हराकर ओलंपिक क्वालीफायर का अपना पहला दौर जीता था।

### एशियाई खेलों में खेलने से भारतीय फुटबॉल को बड़ा बढ़ावा मिलेगा : एआईएफएफ अध्यक्ष

नयी दिल्ली, 26 जुलाई। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने बुधवार को कहा कि भारतीय फुटबॉल टीमों की नौ साल बाद एशियाई खेलों में वापसी से खिलाड़ियों के मनोबल में बड़ा इजाफा होगा। खेल मंत्रालय ने बुधवार को अपनी चयन पात्रता में छूट देते हुए भारतीय पुरुष और महिला फुटबॉल टीम का महाद्वीपीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व का रास्ता साफ किया। चौबे ने इसे देश में खेल के लिए महत्वपूर्ण दिन करार दिया। चौबे ने कहा, "यह भारतीय फुटबॉल के लिए महत्वपूर्ण दिन है और भारत में खेल का विकास करने के हमारे संकल्प का प्रमाण है। सुनील छेत्री की अगुआई वाली भारतीय पुरुष टीम ने हाल में इंटर कॉन्टिनेंटल कप और सैफ चैंपियनशिप का खिताब जीता।

## जोधपुर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सिंह व भट्टम सिंह को पीड़िता अपने साथी युवक के साथ पावटा बस स्टैंड के बाहर मिली थी। तीनों ने उसे भरोसे में लिया और कोल्ड ड्रिंक पिलाई। पीड़िता ने कहा कि हमें अहमदाबाद जाना है। सुबह ट्रेन से जाने की बात कहकर आरोपी छात्र, पीड़िता व उसके साथी को अपने साथ रेल्वे ट्रैक के रास्ते से ले गए, यह कहकर कि, रेल्वे ट्रैक का रास्ता सुरक्षित है। ट्रैक के किनारे ही विश्वविद्यालय के पुराने परिसर में हॉकी मैदान है, जिसकी दीवार टूटी हुई है। तीनों आरोपी पाइप के सहारे युवती को अंदर लेकर गए और युवक के सामने उसके साथ बलात्कार किया। इस घटना में पावटा स्थित कृष्णा गेस्ट हाउस के मैनेजर सुरेश कुमार को भी गिरफ्तार किया गया।

## बृज भूषण और बेटा डब्ल्यूएफआई चुनाव में मतदाता सूची का हिस्सा नहीं पर दामाद को जगह मिली

नयी दिल्ली, 26 जुलाई। बृजभूषण शरण सिंह और उनका बेटा करण भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के आगामी चुनाव में मतदाता सूची का हिस्सा नहीं हैं लेकिन यह हैरान करने वाला है कि सूची में ऐसे सदस्यों को शामिल किया गया है जो मौजूदा राज्य इकाइयों से नहीं जुड़े हैं।

डब्ल्यूएफआई के संविधान के अनुसार राज्यों की कार्यकारी समिति के सदस्यों को ही चुनाव में मतदाता सूची में शामिल किया जा सकता है। डब्ल्यूएफआई संविधान के अनुसार, "मान्यता प्राप्त इकाई केवल अपनी कार्यकारी समिति के सदस्य को चुनाव में प्रतिनिधित्व के लिए नामित कर सकती है।"

बृज भूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले में गवाहों की सूची में शामिल अनीता श्योराण को 12 अगस्त को होने वाले चुनाव में ओडिशा के प्रतिनिधि के रूप में शामिल किया गया है। राष्ट्रमंडल खेल 2010 की स्वर्ण पदक विजेता 38 साल की अनीता हरियाणा की रहने वाली हैं और राज्य पुलिस में नौकरी करती हैं।

इस तरह प्रेम चंद लोचब का नाम गुजरात के प्रतिनिधि के रूप में शामिल है जबकि वह असल में रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) के सचिव हैं। साथ ही तदर्थ पैनल के हैरानी भरे फैसले में असम को सदस्यता देने के बाद राज्य को वोटिंग अधिकार दिया गया है। डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने कहा, "एक तदर्थ पैनल कैसे एक राज्य को सदस्यता दे सकता है। यह फैसला आम परिषद में किया जाता है। यह समझना मुश्किल है कि यह फैसला कैसे किया गया।" सूत्र ने कहा, "यह डब्ल्यूएफआई के संविधान का स्पष्ट उल्लंघन है कि ऐसे लोगों को मतदाता सूची में नामित किया गया और स्वीकृति दी गई जो राज्य संस्थाओं का हिस्सा नहीं हैं।" खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया की अगुआई वाले आंदोलनकारी पहलवानों को वादा किया था कि बृज भूषण के परिवार से कोई चुनाव में हिस्सा नहीं लेगा। उत्तर प्रदेश संघ के अध्यक्ष बृज भूषण और राज्य संघ का उपाध्यक्ष उनका बेटा करण चुनाव का हिस्सा नहीं है लेकिन डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष का दामाद विशाल सिंह चुनावों में बिहार का प्रतिनिधित्व करेगा। महाराष्ट्र और त्रिपुरा का कोई प्रतिनिधि चुनाव में नहीं होगा। निर्वाचन अधिकारी ने महाराष्ट्र के दोनों गुटों के दावों को खारिज कर दिया है।

## 'आपका पक्ष...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बंद नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि सदन जब एक विधायी मामले पर चर्चा कर रहा था तो खड़गे को अवसर दिया गया था।

धनखड़ ने कहा, "अगर कोई सीमा लांघता है तो सदन में सबको पता है कि यह नहीं होने दिया जाएगा।

इस स्तर पर उप सभापति ने दखल दिया।

इसलिए, ऐसा नहीं है कि माइक बंद कर दिया गया।

यह गर्मागर्मी भरा सदन आरंभ हुआ जब विपक्षी सांसदों ने लोकसभा और राज्यसभा में नोटिस जारी कर मणिपुर की स्थिति पर चर्चा की मांग की। यह विवाद का मुख्य बिंदु है, जिसके कारण संसद में सत्र के आरंभ से ही गतिरोध चल रहा है।

## कन्हैया हत्याकांड ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आरोपी जावेद ने अर्जी में कहा कि, वह मुख्य आरोपी गौस मोहम्मद व रियाज अत्तारी को नहीं जानता और ना कोई ऐसा साक्ष्य है जिसमें इस अपराध में उसकी कोई भी संलिप्तता पाई गई हो तथा उसे मामले में झूठा फंसाया गया है। जमानत अर्जी में यह भी कहा गया कि, अनुसंधान पूरा होकर चालान पेश हो चुका है, इसलिए उसे जमानत दी जाए। पिछली सुनवाई पर एन.आई.ए. मामलों की विशेष अदालत ने आरोपियों की अर्जी पर एन.आई.ए. को निर्देश दिया था कि वह आरोपियों को, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य, यानि दस्तावेज डी-19 के साथ शामिल मेमोरी कार्ड व डी-86 के साथ दी गई सीडी व मोबाइल मैसेज की कॉपी दे।

गौरतलब है कि, 28 जून 2022 को उदयपुर में कन्हैयालाल टेलर की जघन्य हत्या कर आरोपियों ने इस हत्याकांड का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल किया था। प्रकरण की जांच एन.आई.ए. को सौंपी गई थी।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

शिलान्यास सहित अन्य कार्यक्रम रहेंगे। सीकर से प्रधानमंत्री मोदी गुजरात के राजकोट का रुख करेंगे। कार्यक्रम के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश में पांच नए मेडिकल कॉलेज और 6 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन करेंगे।

ये मेडिकल कॉलेज चित्तौड़गढ़, धौलपुर, सिरोही, सीकर और श्रीगंगानगर में बने हैं। इन्हें कुल 1400 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। इसके साथ ही बारां, बूंदी, करौली, झुंझुनू, सवाई माधोपुर, जैसलमेर और टोंक में सात कॉलेजों की नींव रखेंगे, जिन्हें 2,275 करोड़ की लागत से तैयार किए जाएंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री उदयपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ और डूंगरपुर जिलों में बने छह एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन करेंगे। इससे इन जिलों में रहने वाली जनजातीय आबादी लाभान्वित होगी। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जोधपुर में एक केंद्रीय विद्यालय का भी उद्घाटन करेंगे।

## बोनमैरो ट्रांसप्लांट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

परिवाद पर दिया।

अदालत ने कहा कोविड लॉकडाउन के दौरान परिवादी के बेटे को विपक्षी के अस्पताल की मेडिकल टीम ने जयपुर से दिल्ली के ई.एस.आई.सी. अस्पताल में रैफर कर दिया। जबकि उन्होंने यह भी पता नहीं लगाया था कि वहां बोनमैरो ट्रांसप्लांट होता है या नहीं। ऐसी आपातकालीन परिस्थितियों में परिवादी को अपने बेटे का इलाज निजी अस्पताल में कराना पड़ा।

परिवाद में गया कि परिवादी ने अपने परिवार का ई.एस.आई.सी. से बीमा करवाया था और समय-समय पर वह इसका नवीनीकरण भी करवाता था। इस दौरान मार्च 2020 में उसके बेटे अयान के गले में दर्द हुआ तो उसे मणिपाल अस्पताल में दिखाया। वहां 19 मार्च 2020 को ऑपरेशन के बाद गले से गांठ निकाल दी और उसे बायोप्सी के लिए भेजा। जांच में मरीज को तुरंत ही कीमोथैरेपी व बोनमैरो ट्रांसप्लांट के लिए कहा गया। उसने बेटे को राज्य सरकार व ई.एस.आई.सी. के अस्पताल में दिखाया तो उन्होंने कहा कि इसका इलाज उनके यहां नहीं है और उसे दूसरे निजी अस्पताल में रैफर कर दिया। यहां भी बोनमैरो ट्रांसप्लांट का इलाज नहीं होने के चलते परिवादी ने पुनः ई.एस.आई.सी. अस्पताल से संपर्क किया। इस पर ई.एस.आई.सी. ने उसे दिल्ली के ई.एस.आई.सी. अस्पताल को रैफर कर दिया, लेकिन यह भी पता नहीं किया कि वहां पर भी बोनमैरो ट्रांसप्लांट संभव नहीं है। इन परिस्थितियों में परिवादी को अपने बेटे का इलाज निजी अस्पताल में करवाना पड़ा। वहीं जब उसने इलाज पर खर्च राशि के पुनर्भुगतान का क्लेम किया तो उसे ई.एस.आई.सी. व राज्य सरकार ने खारिज कर दिया।

## नैक्सा एवर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अन्य जिलों व दूसरे राज्यों में भी एफ.आई.आर. दर्ज हो चुकी हैं, जिसमें प्रारंभिक अनुसंधान में पुलिस ने आरोपी डग रणवीर सिंह बिजारणिया, सुभाष चन्द्र बिजारणिया, बोधूराम और गोपाल सिंह सहित अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के साथ-साथ चिट फंड घोटाला अधिनियम के तहत भी अपराध प्रमाणित माना है। इन आरोपियों ने देशभर से हजारों लोगों से धोखाधड़ी कर करीब 11 हजार करोड़ रुपए से अधिक राशि की ठगी की है। ऐसी तरह के अन्य मामलों की जांच सी.बी.आई. कर रही है। वहीं वर्तमान जांच अधिकारी प्रकरण में प्रभावी अनुसंधान नहीं कर रहे हैं। इसलिए, मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए, जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने राज्य सरकार व सी.बी.आई. को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। गौरतलब है कि सेना से रिटायर रणवीर सिंह व अन्य आरोपियों पर आरोप है कि उन्होंने अलग-अलग कंपनियां बनाकर हजारों लोगों को गुजरात की धोलेरा सिटी की जमीन में निवेश करने पर भारी-भरकम रिटर्न का झांसा दिया था। आरोपियों ने 14 माह में निवेश की गई राशि को दोगुना करने और हर सप्ताह राशि निवेशक के खाते में आने का आश्वासन दिया था। हजारों पीड़ितों से हजारों करोड़ रुपए ठगने के बाद आरोपी अंडरग्राउंड हो गए थे। हालांकि लुक आउट नोटिस जारी होने के चलते वे विदेश नहीं भाग सके। कुछ माह पूर्व ही पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

## मोदी सरकार के विरूद्ध ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अविश्वास प्रस्ताव एक संसदीय साधन है जिसका उपयोग विपक्ष सरकार में विश्वास के अभाव को व्यक्त करने के लिये करता है। सत्तारूढ़ दल को अपना विश्वास बनाये रखने के लिये सदन में अपना बहुमत सिद्ध करना होता है। अगर उसके पास बहुमत सिद्ध करना होता है। अगर उसके पास बहुमत नहीं होता तो सरकार तत्काल गिर जाती है। सरकार तभी तक सत्ता में रह सकती है, जब तक लोकसभा में उसके पास बहुमत है।

विपक्ष द्वारा आम तौर से रणनैतिक साधन के रूप में काम में लिया जाने वाला अविश्वास प्रस्ताव विपक्ष को अनुमति देता है कि सरकार से सवाल करे, सरकार की असफलताओं को जोरदार तरीके से उभार सके तथा सदन में उन पर चर्चा एवं बहस कर सके। अगर प्रस्ताव सदन में पारित हो जाता है तो पूरे मंत्रिमंडल, जिसमें प्रधानमंत्री भी शामिल होते हैं, तो तत्काल इस्तीफा देना पड़ता है।

संविधान के अनुच्छेद 75 के अनुसार, मंत्रिमंडल सामूहिक रूप से लोकसभा के प्रति जवाबदेह होता है। अविश्वास प्रस्ताव को केवल विपक्ष ही ला सकता है तथा यह केवल लोकसभा में पेश किया जा सकता है, राज्यसभा में नहीं। कोई भी पार्टी संसद में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकती है तथा सरकार को सत्ता में बने रहने के लिये अपना बहुमत सिद्ध करना होता है।

अगर इतिहास के पृष्ठ पलटें, तो हम पायेंगे कि अविश्वास प्रस्ताव का उपयोग सरकार को जवाबदेह बनाये रखने के लिए और कुछ मसलों पर विरोध के रूप में किया जाता है। इसका उपयोग सरकारों को गिराने के लिये भी किया जाता रहा है, खासतौर से जब गठबंधन सरकारें बनना शुरू हुईं। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से लेकर 2018 में नरेन्द्र मोदी तक, कई नेताओं ने इसका सामना किया है। जहां कुछ लोग सत्ता में बने रहे हैं, वहीं मोरारजी देसाई, चरण सिंह, वी.पी. सिंह तथा अटल बिहारी वाजपेयी ने अविश्वास प्रस्तावों के कारण अपनी सरकारों को गिरते देखा है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एन.डी.ए. सरकार ने पिछले अविश्वास प्रस्ताव का सामना 2018 में किया था तथा यह प्रस्ताव 199 वोटों से पराजित हो गया था।

## चीन के विदेश मंत्री ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तथा पूरी तरह गायब हो जाने का एक कारण तो यह हो सकता है कि शी जिनपिंग उनसे अप्रसन्न हो गये थे। आम तौर से, ऐसा देखा जाता है कि वरिष्ठतम नेता गायब हो गये, उनका कोई जिक्र तक नहीं हुआ, लेकिन अचानक जानकारी में आया कि उन्होंने कोई बड़ा अपराध या सीमा-उल्लंघन कर दिया था। इस मामले में, ऐसा भी हो सकता है कि स्वयं शी जिनपिंग ही इस नवनियुक्त विदेश मंत्री के किन्हीं कथनों या गतिविधियों से आहत हो गये हों। इसके बाद उन अचानक गायब हुए नेताओं की जाँच और छानबीन में सभी ताकतवर तथा अपारदर्शी जाँच एजेंसियों तथा गुप्तचर पुलिस लग दी गई। यह सब चीन के सर्वोच्च नेता था राष्ट्रपति शी जिनपिंग का गुस्सा बढ़ने के परिणाम के रूप में देखा जा रहा है। इसके साथ ही, महत्वपूर्ण पदों से लोगों को हटाया जाना तथा पदावनत किया जाना भी उस तंत्र की गंभीर खामी का परिचायक है, जिस तंत्र से चीन का शासन चलता है। कुल मिलाकर एक निश्चित प्रक्रिया तथा स्थापित तरीके उच्चतम पदों पर अचानक परिवर्तनों को रोक देते। या सारी बातें उस चीज के खिलाफ जा रही हैं, जो चीज इस समय चीन दुनिया को बताना चाह रहा है कि चीन का शासन तंत्र पश्चिमी शासन के मॉडल से कहीं बहुत श्रेष्ठ है। इस समय चीन बाहर की दुनिया के सामने अपना मित्रवत चेहरा प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहा है।

इसका कारण यह है कि अमेरिकन प्रतिबंधों तथा उसके द्वारा लगाई गई रोक के चलते, चीन में विदेशी निवेश, उच्च स्तर पर की जा रही मीठी बातों के बावजूद, तेजी से कम होता जा रहा है।

वैश्विक व्यवसाय चीनी शासन के स्थायित्व के कारण परेशान हो गया है। निवेशकों के दिलों-दिमाग का यह सोच-विचार इस बदलाव का मूल कारण है। चीन के तकनीकी क्षेत्र तथा बड़े व्यवसाय पर शी की सख्ती के बाद, अब शी जिनपिंग इन चोटग्रस्त मानसिक स्थितियों को सुधारने की कोशिश कर रहे हैं।

## डी.एम.के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रूप में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी से दो शैल कंपनियों के माध्यम से 200 करोड़ रुपए मिले। डी.एम.के. ने सभी आरोपों को आधारहीन बताया और कहा कि वह इसे कानूनी और राजनैतिक तरीके से लड़ेगी।




# मोदी द्वारा उद्घाटित अन्तर्राष्ट्रीय कन्वैन्शन सैन्टर की लागत 2700 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, 26 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रगति मैदान में अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भारत मंडपम का उद्घाटन कर देश को समर्पित किया। यह परिसर देश में अंतरराष्ट्रीय बैठकों, सम्मेलनों और प्रदर्शनियों की मेजबानी के लिए विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण पर आधारित है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत मंडपम को देखकर हर भारतीय आनंदित है और गर्व महसूस कर रहा है। भारत मंडपम देश के सामर्थ्य और नई उर्जा का आव्हान है। भारत मंडपम भारत की भव्यता और इच्छाशक्ति का भी दर्शन है। तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज वह हासिल कर रहा है जो पहले अकल्पीय था, इसलिए विकसित होने के लिए देश को बड़ा सोचना ही होगा। उन्होंने कहा, इसी सिद्धांत को अपनाते हुए भारत आज तेजी से आगे बढ़ रहा है।

विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में नकारात्मक सोच वाले लोगों की कमी नहीं है क्योंकि उन्होंने इस निर्माण को रोकने के लिए भी बहुत कोशिशें की। उन्होंने कहा कि जहां सत्य होता है, वहां ईश्वर भी होता है। अब यह सुंदर परिसर आपकी आंखों के सामने मौजूद है।

- **123 एकड़ के भूभाग में बने कन्वैन्शन सैन्टर को देश की सबसे प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय बैठकों, सम्मेलनों की मेजबान स्थली के रूप में विकसित किया गया है।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के प्रगति मैदान में ''भारत माण्डपम्'' नाम के इस अन्तर्राष्ट्रीय कन्वैन्शन सैंटर का उद्घाटन किया व इसे देश को समर्पित किया।**

इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नकारात्मक सोच वालों ने इस परियोजना को भी लटकाने का प्रयास किया लेकिन भारत मंडपम को देखकर आज हर भारतीय खुशी से भरा हुआ है और गर्व महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा, भारत मंडपम आव्हान है भारत के सामर्थ्य का, भारत की नई ऊर्जा का। यह भारत की भव्यता और इसकी इच्छाशक्ति का दर्शन है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाली राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल में वृद्धि की रफ्तार और तेज होगी और देश दुनिया की प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ लोगों की फितरत होती है, हर अच्छे काम को रोकने की और टोकने की। उन्होंने राजपथ का नाम कर्तव्य पथ किए जाने के दौरान विपक्षी दलों के विरोध की ओर इशारा करते हुए कहा कि उस समय भी अदालत में ना जाने कितने मामले उठाए गए थे। उन्होंने कहा, जब कर्तव्य बन गया वे लोग भी दबी जुबान से कह रहे हैं अच्छा हुआ है जी। देश की शोभा बढ़ाने वाला है। मुझे विश्वास है कुछ समय बाद भारत मंडपम के लिए भी वह टोली खुल करके बोले या ना बोले लेकिन भीतर से तो स्वीकार करेगी। हो सकता है किसी समय यहां भाषण देने भी आए।

# प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी

नई दिल्ली, 26 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को एक कार्यक्रम में कहा कि भारत उनके तीसरे कार्यकाल में दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि देश की विकास यात्रा रुकने वाली नहीं है। पीएम ने कहा, ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर, हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में, भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। ये मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने इंटरनेशनल एग्जिबिशन-कम-कन्वेंशन सेंटर परिसर के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए ये टिप्पणी की। इस कन्वेंशन सेंटर को भारत मंडपम नाम दिया गया है।

- **'मेरे तीसरे कार्यकाल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बन जायेगा भारत'।**
- **प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में इंटरनैशनल एग्ज़िबिशन कम कन्वैन्शन सैंटर का उद्घाटन करते हुये कहा, यह मोदी की गारंटी है।**

नीति आयोग की रिपोर्ट के आंकड़ों का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले पांच साल में 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये हैं। पीएम मोदी ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां भी कह रही हैं कि भारत में भीषण गरीबी खत्म होने की कगार पर है। इससे पता चलता है कि पिछले नौ वर्षों में जो फैसले और नीतियां बनाई गई हैं, वे देश को सही दिशा में ले जा रही हैं।''

विरोधियों पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुछ लोगों की प्रवृत्ति आलोचना करने और अच्छी परियोजनाओं में बाधाएं पैदा करने की होती है। पीएम मोदी ने कहा, ''जब कर्तव्य पथ बन रहा था तो कई बातें ब्रेकिंग न्यूज के तौर पर अखबारों के पहले पन्ने पर चल रही थीं। इसे अदालतों में भी उठाया गया, लेकिन जब इसका निर्माण हुआ तो उन्हीं लोगों ने कहा कि यह अच्छा है। मुझे यकीन है कि यह टोली भारत मंडपम को भी स्वीकार करेगी और यह भी संभव है कि वे यहां किसी सेमिनार में व्याख्यान देने आएं।''

प्रधानमंत्री मोदी ने राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में 2700 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी-सह-सम्मेलन परिसर को एक भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम में बुधवार शाम राष्ट्र को समर्पित किया।

# भारत ने चावल निर्यात पर लगाया प्रतिबंध, अमेरिका में मची अफरा-तफरी

नई दिल्ली, 26 जुलाई। भारत सरकार ने आगामी त्योहारों के दौरान घरेलू सप्लाई बढ़ाने और कीमतों को काबू में रखने के लिए गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। इस प्रतिबंध का असर अमेरिका में भी दिखाई दे रहा है। चावल पर प्रतिबंध लगाने के बाद अमेरिकी दुकानों में लंबी कतारें और बेहद अस्त-व्यस्त माहौल देखने को मिल रहा है। बता दें कि भारतीय खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा था कि गैर-बासमती उसना चावल और बासमती चावल की निर्यात नीति में कोई बदलाव नहीं होगा। कुल निर्यात में दोनों किस्मों का हिस्सा बड़ा है। देश से निर्यात होने वाले कुल चावल को लेकर भगदड़ मची हुई थी।

कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं जिनमें लोगों को ज्यादा से ज्यादा चावल बैग खरीदते देखा जा सकता है। हालांकि अब एक परिवार, एक चावल बैग के नियम से अफरातफरी शायद कम हो। इस कदम का उद्देश्य चावल के वितरण में निष्पक्षता लाना और अन्य लोगों के लिए स्टोर तक पहुंच को आसान बनाना है। भारत द्वारा चावल निर्यात पर अचानक प्रतिबंध लगाने से आने वाले समय में अनाज की कीमत पर असर पड़ने की संभावना है। मूल्य वृद्धि की उम्मीद ने लोगों को अनाज की जमाखोरी करने और इसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए

- **चावल की कमी की आशंका के मद्देनजर अमेरिका की सरकार ने चावल खरीदने के लिए कोटा सीमित करने की घोषणा कर दी है। अब एक परिवार को मासिक तौर पर मात्र एक चावल का बैग ही खरीदने की इजाजत होगी।**

में गैर-बासमती सफेद चावल की हिस्सेदारी लगभग 25 प्रतिशत है।

अब अधिक से अधिक एनआरआई और एशियाई लोग चावल जमा करने के लिए दुकानों पर इकट्ठा हो रहे हैं। इसे देखते हुए कई अमेरिकी दुकानों ने चावल की खरीददारी को लेकर कुछ प्रतिबंध लगा दिए हैं। कई दुकानों ने अफरातफरी से निपटने के लिए प्रति परिवार केवल 1 चावल बैग का विकल्प चुना है।

यानी एक परिवार केवल एक ही चावल का बैग खरीद सकता है। इन प्रतिबंधों से पहले, कई सुपरमार्केट चेन में चावल खरीदने ज्यादा कीमत पर बेचने के लिए प्रेरित किया है।

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गौरींचस ने मंगलवार को कहा कि इस कदम से खाद्य कीमतें बढ़ सकती है।

उन्होंने यह भी कहा कि इस कदम को जल्द वापस लिया जाना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि वह भारत को चावल की एक निश्चित श्रेणी के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंध हटाने के लिए ''प्रोत्साहित'' करेगा, क्योंकि इससे वैश्विक मुद्रास्फीति पर असर पड़ सकता है।




राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908